मिश्र-इस्पात कारखाने की बहुत सी इकाइयों के उत्पादन आरम्भ कर देने से उर्वरक कारखाने और कोयला शोधनशालाओं की प्रोत्साहन योजनाओं से मिलती जुलती एक योजना लागू की गई है जिस में क्वालिटी, श्रमिक-उत्पादन-क्षमता और कार्य-भंग के घंटों को भी ध्यान में रखा गया है।

प्रोत्साहन योजना को और अधिक उपयोगी बनाने के लिए हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड ने उसके अध्ययन का कार्य प्रारम्भ कर दिया है। इस कार्य के लिए कुछ प्रबन्धकों की सेवाएं प्राप्त करने का विचार है।

औद्योगिक संबंध

विचाराधीन वर्ष में भिलाई इस्पात कारखाने में औद्योगिक संबंध 20 जून 1967 की एक बड़ी घटना को छोड़कर प्रायः सामान्य रहे। उपर्युक्त घटना में कारखाने के एक कर्मचारी और सुरक्षा अधिकारी के बीच झड़प हो गई, जिसके फलस्वरूप बहुत से कर्मचारियों ने अपना काम छोड़ दिया। ये कर्मचारी और अगली पारी में आने वाले कर्मचारियों ने कई घंटे तक मारपीट मचा रखी थी जिससे पुलिस को कुछ तितर-बितर करने के लिए हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा। लेकिन दूसरे दिन से स्थिति सामान्य हो गई।

आम चुनाव से पूर्व और इसके पश्चात् राउरकेला इस्पात कारखाने में मालिक-मजदूर संबंध की स्थिति बिगड़ गई थी, जिसका मुख्य कारण मान्यता-प्राप्त हिंदुस्तान स्टील वर्क्स एसोसियेशन और गैर-मान्यता प्राप्त राउरकेला मजदूर सभा की आपसी प्रतिद्वंद्विता थी। इस प्रतिद्वंद्विता ने आंदोलन का रूप ग्रहण कर लिया जिसमें मजदूरों ने सामान्य कार्य करने, ओवरटाइम काम करने, उच्च पद का भार संभालने से इन्कार कर दिया और धीमी गति से काम करना शुरु कर दिया। श्रमिक अशांति के कारण चौथी धमन भट्ठी और पांचवें एल०डी० कन्वर्टर, जो विस्तार कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्पादन प्रारम्भ करने के लिए एकदम तैयार हो चुके थे, के चालू करने में देर हो गई। इस वर्ष में दो बड़े श्रमिक विवाद खड़े हुए। प्रोत्साहन बोनस में वृद्धि की मांग को लेकर धमन भट्ठी विभाग के कर्मचारियों ने बिना पूर्व सूचना दिये 29 अगस्त, 1967 के अपराह्न से आकस्मिक हड़ताल आरम्भ कर दी, जो 4 सितम्बर, 1967 की रात्रि तक जारी रही। राज्य-सरकार द्वारा इस विवाद को पंच निर्णय के लिए सौंपने पर कर्मचारी 5 सितम्बर 1967 से काम पर वापस आ गये। दूसरी बार बोनस के प्रश्न पर झगड़ा हो गया। चूंकि कोई बांटने योग्य बचत कंपनी को नहीं हुई थी, इसलिए राउरकेला इस्पात कारखाने के प्रबन्धक-वर्ग ने वर्ष 1966-67 के लिए 4 प्रतिशत का न्यूनतम बोनस देने की घोषणा की, जो बोनस अधिनियम के अंतर्गत निम्नतम दर है। यद्यपि कारखाने को 1966-67 में हानि हुई थी, फिर भी प्रतिद्वंद्वी यूनियनों ने मजदूरों का अधिकाधिक समर्थन प्राप्त करने के लिए 20 प्रतिशत की उच्चतम दर से बोनस की मांग की। (बाद में इससे घटकर उनकी बोनस की मांग एक मास के वेतन पर आ गई)। यद्यपि राज्य सरकार ने बोनस की रकम के मसले को न्यायाधिकरण को फैसले के लिए सौंप दिया था फिर भी मान्यता-प्राप्त हिन्दुस्तान स्टील वर्कर्स एसोसियेशन और राउरकेला मजदूर सभा, दोनों ही मजदूरों को इस बात के लिए भड़काते रहे कि वे 4 प्रतिशत का न्यूनतम बोनस स्वीकार न करें और अपना सामान्य काम न करें जबतक कि प्रबंधकवर्ग एक महीने का वेतन बोनस के रूप में देने के लिए राजी नहीं हो जाता। 7 अक्तूबर, 1967 को स्थिति अत्यन्त गंभीर हो गई जबकि कारखाने की सभी बड़ी 2 इकाइयों के मजदूरों ने अपना काम छोड़ दिया और अपने 2 विभागों से बाहर निकल कर प्रशासनिक भवन के अंदर 'धरना' दे दिया। चूंकि मजदूरों ने बिल्कुल गैर-जिम्मेदाराना ढंग से काम किया था, जिससे कारखाने के कीमती संयंत्रों और उपकरणों की सुरक्षा को भारी खतरा हो गया था, इसलिए प्रबंधकवर्ग को कोक भट्ठियों और धमन भट्ठियों को बन्द करना पड़ा। जब समझौता-अधिकारी के समक्ष प्रबंधक-वर्ग ने राउरकेला मजदूर सभा के साथ एक करारनामें पर हस्ताक्षर कर दिये तो 19 अक्तूबर से स्थिति सामान्य हो गई। इस समझौते की शर्तों के अनुसार मजदूरों ने प्रबन्धक वर्ग को यह आश्वासन दिया कि

वे किसी ऐसे काम में भाग नहीं लेंगे, जो कारखाने के सामान्य परिचालन में किसी प्रकार से बाधक हो। प्रबन्धक-वर्ग ने यह बात मान ली कि न्यायाधिकरण के निर्णय होने तक 4 प्रतिशत का बोनस अस्थायी रूप से माना जायेगा; उन्होंने यह बात भी मान ली कि त्यौहार के लिए दी जाने वाली पेशगी रकम 100 रुपये से बढ़ाकर 120 रुपये कर दी जायेगी।

चूंकि मान्यता-प्राप्त हिन्दुस्तान स्टील वर्कर्स एसोसियेशन प्रभाव-हीन हो चुकी थी और चूंकि मुख्यत: मजदूर संघों की आपसी प्रतिद्वंद्विता के कारण ही राउरकेला मजदूर सभा की इस मांग के कारण कि हिन्दुस्तान स्टील वर्कर्स एसोसियेशन की जगह उनको मान्यता प्रदान की जाय, ही कारखाने के औद्योगिक संबंध खराब हुये हैं, इसलिये प्रबंधक वर्ग ने मार्च 1966 में ही राउरकेला मजदूर सभा की मान्यता की मांग को उड़ीसा राज्य सरकार को स्वीकृति के लिए भेज दिया था। राज्य सरकार के विचार 1967 में प्राप्त हुए और उनकी सलाह पर प्रबन्धक-वर्ग ने सितम्बर, 1967 में राउरकेला मजदूर सभा को मजदूरों की प्रतिनिधि सभा के रूप में मान्यता प्रदान कर दी।

दुर्गापुर इस्पात कारखाने में भी हिन्दुस्तान स्टील एम्प्लाइज यूनियन, जिसे अखिल भारतीय मजदूर संघ का समर्थन प्राप्त है और हिन्दुस्तान स्टील वर्कर्स यूनियन (जिसका संबंध भारतीय राष्ट्रीय कार्मिक संघ से है) की आपसी प्रतिद्वंद्विता के कारण औद्योगिक संबंध सन्तोषजनक नहीं थे। यह प्रतिद्वंद्विता आम चुनाव से कुछ पूर्व और इसके बाद काफी बढ़ गई। आम चुनाव के बाद हिन्दुस्तान स्टील एम्प्लाइज यूनियन अधिक उग्र हो गई और 'घेराव' जैसी कार्रवाइयाँ करने लगी जिसे मजदूर संघों द्वारा उचित कदम माना जाने लगा था और जिसमें पुलिस भी कारगर रूप से हस्तक्षेप नहीं कर सकती थी। मार्च और सितम्बर 1967 के बीच, जब कलकत्ता के उच्च न्यायालय ने 'घेराव' को अवैध घोषित किया, कर्मचारियों के विभिन्न दलों ने प्रबंधकवर्ग और पर्यवेक्षी अधिकारियों का 95 बार घेराव किया। कुछ घेरावों में मान्यता प्राप्त हिन्दुस्तान स्टील वर्कर्स यूनियन ने भी, जो 'इन्टक' से संबंधित है, भाग लिया। हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड के अन्य कारखानों के प्रबंधक मजदूरों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की और वास्तव में कुछ समस्याओं पर आपसी बातचीत द्वारा सभी झगड़ों का हल निकालने की दृष्टि से सभी स्तरों को हल भी किया, जिससे मजदूरों के प्रतिनिधियों के कथनानुसार श्रमिक सौमनस्य स्थापित करने में सहायता मिली। प्रबन्धक वर्ग ने तो समझौते की शर्तों पर अमल किया, जिसमें मजदूरों के प्रतिनिधियों ने अपने वचन का पालन नहीं किया और ऐसी दबाव डालने वाली बातों में लगे रहे। प्रबंधक वर्ग ने राज्य सरकार से कहा कि वह हिन्दुस्तान स्टील एम्प्लाइज यूनियन के मान्यता के दावे की जांच करे

और अपने निर्णय से प्रबन्धकवर्ग को शीघ्रातिशीघ्र अवगत कराये जिससे इस यूनियन की मान्यता के प्रश्न की अनिश्चितता का अंत हो सके। यह मामला राज्य सरकार को मार्च, 1966 में भेजा गया था लेकिन अभी तक उनका निर्णय प्राप्त नहीं हुआ है। कार्य के मूल्यांकन के बिना पदोन्नति के लिए अधिक गुंजाइश देने अथवा मूल्यांकन के परिणामों के विरुद्ध भी ऊंचे पदों के निर्माण की मांगों, जिन्हें कारखाने के हित में स्वीकार नहीं किया जा सकता था, के कारण हुये घेराव, आकस्मिक कार्य-स्थगन, धीमी गति से काम, विस्तार योजना के अंतर्गत लगाये गये यंत्रों को चलाने से इन्कार, सामान्य काम करने से इन्कार, ओवर टाइम काम करने से इन्कार, गैरहाजिरी के कारण खाली हुई उच्च-पदस्थ जगहों पर काम करने से इन्कार आदि जैसी डालने दबाव वाली कार्यवाइयों से न केवल कारखाने के सामान्य उत्पादन और संधारण पर ही बुरा प्रभाव पड़ा है बल्कि इसने प्रबन्धक वर्ग और पर्यवेक्षी अधिकारियों को कर्मचारियों से काम लेने में हतोत्साह कर दिया है। परिणाम यह हुआ कि कारखाने को काफी नुकसान उठाना पड़ा। इन औद्योगिक झगड़ों के कारण विस्तार योजना के अंतर्गत कारखाने की चौथी धमन भट्ठी और नवीं खुले मुंह की भट्ठी, जो उत्पादन प्रारम्भ करने के लिए बिल्कुल तैयार थीं, समय पर चालू न की जा सकी।

चूंकि मर्चेंट मिल के प्रेषण विभाग के क्रेन-चालकों द्वारा 31 दिसम्बर, 1967 से धीमी गति से कार्य करने और इस मिल के कुछ दूसरे कर्मचारियों द्वारा की गई गैर कानूनी आकस्मिक हड़ताल के कारण इस मिल का काम बिल्कुल ठप्प हो गया था और मिल के प्रबन्धक-वर्ग को दूसरे कर्मचारियों से काम लेना असम्भव हो जाने से दुर्गापुर इस्पात कारखाने के प्रबन्धक वर्ग को विवश होकर 9 फरवरी, 1968 से मर्चेंट मिल के लगभग 500 कर्मचारियों को जबरी छुट्टी (ले-आफ) देनी पड़ी। 12 फरवरी 1968 को हिन्दुस्तान स्टील एम्प्लाइज यूनियन (जिसे अखिल भारतीय मजदूर संघ का समर्थन प्राप्त है) ने प्रबन्धक-वर्ग को नोटिस दिया कि नोटस की तारीख से 15 दिनों के पश्चात् वे किसी भी समय हड़ताल कर देंगे। इसका कारण उन्होंने यह दिया कि प्रबन्धक-वर्ग ने मर्चेंट मिल के अनुशासनहीन कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की थी और मिल के कर्मचारियों को जबरी-छुट्टी दी थी। हड़ताल करने के इस नोटिस पर पश्चिमी बंगाल के संयुक्त श्रम-आयुक्त ने समझौता वार्ता शुरू की और 11 मार्च 1968 को हुई त्रिपक्षीय समझौता वार्ता में निम्नलिखित समझौता हुआ :—

मर्चेन्ट मिल के निलम्बित कर्मचारियों की ओर से हिन्दुस्तान स्टील एम्प्लाइज यूनियन ने उन घटनाओं के लिए एक खेद प्रकट किया जिनके कारण 31 दिसम्बर, 1967 से मर्चेन्ट मिल के उत्पादन में कमी हुई थी और प्रबन्धकवर्ग

को 9 फरवरी 1968 को इस मिल के 496 मजदूरों को जबरी छुट्टी देनी पड़ी थी। इस बात का आश्वासन दिया कि मिल को पुनः चालू करेंगे और सामान्य रूप से कार्य करेंगे और हड़ताल का नोटिस वापिस लेंगे।

प्रबन्धकवर्ग ने यह बात मान ली कि मर्चेन्ट मिल के जिन मजदूरों को जबरी छुट्टी दी गई थी उन्हें 13 मार्च 1968 को 6–00 बजे प्रातः से काम पर वापिस आने दिया जायगा और 21 निलम्बित मजदूरों के निलम्बन-आदेश वापिस ले लिये जायेंगे और इन मजदूरों को जिन्हें नियमों के अधीन चार्ज-शीट दिये गये हैं, चार्ज-शीटों की जांच पर किसी किस्म के प्रतिकूल प्रभाव के बिना काम पर वापिस आने दिया जायेगा।

अतः 13 मार्च 1968 से 'ले-आफ' खत्म कर दिया गया।

विचाराधीन वर्ष में इस्पात कारखानों में नये कर्मचारियों को प्रवेश के समय उन्हें दीक्षा देने और उन्हें प्रवेश-अधिकार प्रदान करने के लिए एक योजनाबद्ध तरीका लागू किया गया है।

भिलाई इस्पात कारखाने में मध्य प्रदेश औद्योगिक सम्बन्ध अधिनियम के अनुसार बनाई गई संयुक्त समिति संतोषजनक ढंग से कार्य करती रही। राउरकेला इस्पात कारखाने में मालिक-मजदूर समिति सामान्यतः संतोषजनक ढंग से काम करती रही। दुर्गापुर में मालिक-मजदूर समिति का पुनर्गठन किया गया और नवम्बर 1966 में चुनाव कराये गये। इस समिति ने काम करना शुरू कर दिया है।

भिलाई इस्पात कारखाने में संयंत्र-स्तर तथा अनुभाग-स्तर पर बनाई गई संयुक्त उत्पादन समितियां बहुत संतोषजनक ढंग से काम करती रहीं। राउरकेला में संयंत्र-स्तर पर बनाई गई समिति भी संतोषजनक ढंग से काम करती रही। दुर्गापुर में विभिन्न यूनियनों की आपसी प्रतिद्वन्द्विता के कारण वहां इस प्रकार की उत्पादन-समिति नहीं बनाई जा सकी है।

अनेक प्रयत्नों के कारण दुर्घटनाओं की संख्या में लगातार कमी होती जा रही है। दुर्गापुर और राउरकेला इस्पात कारखानों तथा मिश्र-इस्पात कारखाने ने 1966 राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार जीते हैं।

सरकार द्वारा सरकारी क्षेत्र में संस्थानों के लिए बनाये गये मूल नियमों के अनुसार बोनस (ग्रेच्युटी) के नियम बनाये गये हैं। कुछ कारखानों में ये नियम लागू कर दिये गये हैं और कुछ कारखानों में इन पर कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की जा रही है।

परिनियत कल्याण-कार्यों के अलावा कम्पनी ने अपने कर्मचारियों को आवास, चिकित्सा और लोक-स्वास्थ्य, शिक्षा संबंधी और दूसरी कई सुविधाएं दी हैं जैसा कि 1967–68 के बजट में की गई व्यवस्था से प्रकट होता है, जिसका ब्योरा नीचे दिया गया है :

(मिलियन रुपये)

	चिकित्सा और लोक-स्वास्थ्य	शिक्षा
भिलाई	6.10	2.58
दुर्गापुर	3.00	0.87
राउरकेला	2.34	0.95

वैत्तिक परिणाम

वर्ष 1966–67 में देश में सामान्य मन्दी आने और सरकार की विकास गतिविधियों की गति धीमी होने से कम्पनी के परिचालन कार्यों पर बड़ा प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। क्योंकि सरकारी विभाग/प्रायोजनाएं इस्पात के प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष बड़े उपभोक्ता है, इसलिए इस्पात की मांग भी बहुत गिर गई। 1966–67 में बिक्री को 1965–66 के स्तर पर बनाए रखना भी असंभव था। 1965–66 में 2388 मिलियन रुपये की कुल बिक्री हुई। 1966–67 में इसमें 78 मिलियन रुपये की कमी हो गई। इस वर्ष में कुल बिक्री 2310 मिलियन रुपये की हुई।

मांग में कमी होने के कारण अधिक उत्पादन-क्षमता का पूर्ण उपयोग नहीं किया जा सका। कच्चे माल, उपकरणों, फालतू पुर्जे, मजूरी, पूंजी से संबंधित खर्च आदि में सामान्य वृद्धि हुई। सबका परिणाम यह हुआ कि इस वर्ष कंपनी को 205.55 मिलियन रुपये का घाटा हुआ।

1967–68

वर्तमान अनुमान के आधार पर ऐसा लगता है कि इस वर्ष भी कंपनी को काफी घाटा रहेगा। इसके मुख्य कारण ये हैं :—

(क) 1966–67 में 2310 मिलियन रुपये की बिक्री की तुलना में इस वर्ष 2300 मिलियन रुपये की बिक्री होने की संभावना है।

(ख) बाजार में मंदी अब भी चल रही है।

(ग) राउरकेला और दुर्गापुर दोनों कारखानों में गंभीर श्रमिक समस्याएं उपस्थित हुईं; और

(घ) कोयले की कीमतों और रेल के भाड़े में काफी वृद्धि और लोहा खनिज, चूना-पत्थर और डोलोमाइट खनन उद्योगों की सिफारिशों को क्रियान्वित करने में खर्च में वृद्धि हुई है।

अनुसंधान और विकास

हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड के अनुसंधान के कार्यों का समन्वय करने, लोहा और इस्पात के क्षेत्र में प्राप्त नई जानकारी का प्रसार करने और यथा-समय व्यावहारिक अनुसंधान का कार्य करने के लिए हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड ने अगस्त 1966 में एक केन्द्रीय अनुसंधान और विज्ञान सेवा संगठन स्थापित किया था। योग्य कर्मचारी रखे जा रहे हैं और ऐसी आशा है कि यह संगठन शीघ्र ही सुचारु रूप से कार्य करने लगेगा। इस संगठन द्वारा पहले से हाथ में लिए गये कुछ काम ये हैं—कच्चे माल की क्वालिटी, उपसमूह और तैयार माल की क्वालिटी में सुधार करना, रद्दी माल का उपयोग और आयात किये जाने वाले सामान के स्थान पर देशी सामान का उपयोग।

इस बात को देखते हुये कि बोकारो में उत्पादन आरम्भ हो जाने से इस्पात कारखानों में चल रही वर्तमान कोयला-सम्मिश्रण प्रणाली में कुछ संशोधन की आवश्यकता होगी, केन्द्रीय ईंधन अनुसंधान संस्थान और इस्पात कारखानों द्वारा किये जाने वाले परीक्षणों का समन्वय करने के लिए एक कार्यकारी दल की स्थापना की गई है। ये परीक्षण केन्द्रीय ईंधन अनुसंधान संस्थान में किये जा रहे हैं।

इस्पात कारखानों से सम्बद्ध अनुसंधान और नियंत्रण प्रयोगशालाओं में उत्पादों की क्वालिटी, उत्पादन के विभिन्नीकरण, प्रयोग में लाये जाने वाले सामानों और प्रक्रियाओं की खराबियों के संबंध में अन्वेषणात्मक अध्ययन किये जाते रहे।

गुण तथा मात्रा दोनों दृष्टियों से अधिकाधिक उत्पादन करने के विचार से देशी इस्पात कारखानों में ऐसी अतिरिक्त संतुलन सुविधाओं को लगाने का विचार है, जिनकी आवश्यकता तकनीकी और परिचालनात्मक दृष्टिकोण से समय समय पर

महसूस हुई है और इसका उद्देश्य यह है कि लगाई गई पूंजी से अधिक से अधिक लाभ उठाया जा सके। इसके कुछ नमूने हैं। (i) दुर्गापुर में चार अतिरिक्त सोकिंग पिट लगाना (ii) राउरकेला के वर्तमान पाइप संयंत्र में वेल्डिंग का सामान्यीकरण आदि, (iii) भिलाई की वर्तमान वायर रॉड मिल में ऐसी मशीनें लगाना जिससे कुंडलाकार तारों को सीधा किया जा सके और काटा जा सके।

धमन भट्ठियों में आक्सीजन की सप्लाई से तापमान बढ़ाने, कच्चे माल का अभिशोधन करने, भट्ठियों में तेल-नेफ्था के इंजेक्शन देने, सेल्फ-फ्लसिंकग सिन्टर का और अधिक प्रयोग, धमन भट्ठियों के ताप मान को बढ़ाने, हाई टौप प्रेसर आदि जैसे प्रौद्योगिक सुधारों द्वारा धमन भट्ठियों की उत्पादकता बढ़ाने की योजनाएं बनाई जा रही हैं।

प्रकाशन

हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड के मुख्यालय की स्टेटिस्टिक्स और रिपोर्ट ब्रांच ने "स्टेटिस्टिक्स फार आयरन एण्ड स्टील इन्डस्ट्री इन इन्डिया—1966" नाम की पुस्तक का दूसरा संस्करण फरवरी 1967 में संकलित करके प्रकाशित कर दिया। इसका प्रथम संस्करण 1964 में प्रकाशित हुआ था। लोहे और इस्पात के उत्पादन, बिक्री और इसके मूल्य के बारे में यथा संभव पुराने से पुराने आंकड़े इस पुस्तक में दिये गये हैं। इसके भारत संबंधी अनुच्छेद में निर्यात के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। विश्व संबंधी अनुच्छेद में आयात के शीर्षक के नीचे भारत के निर्यात की संभावनाओं का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है। इस पुस्तक की एक विशेष बात यह है कि इसमें देश के लोहे और इस्पात के सभी बड़े कारखानों की विभिन्न इकाइयों के परिचालन और उनमें कार्य-कुशलता को बढ़ाने के लिए किये गये उपायों के बारे में एक अनुच्छेद है (जो प्रथम बार प्रकाशित किया गया है) और एक दर्जन से अधिक दूसरे देशों के साथ इनकी तुलना दिखाई गई है।

प्रदर्शनियां

हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड के उत्पादों के लिये विदेशों में मार्केट ढूंढने के उद्देश्य से कंपनी ने तुर्की, यूनान, संयुक्त अरब गणराज्य, सूडान, घाना, इथियोपिया, केनिया, यूगान्डा, तन्जानिया, ट्यूनीसिया, ईराक, ईरान, अमरीका, कनाडा, ब्रिटेन, लीबिया, कुवैत, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में शिष्ट मंडल भेजने के अतिरिक्त सिडनी, बैंकाक, घाना और मांटरीयल में हुई अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों में भी भाग लिया।

इसके अतिरिक्त कंपनी अपने उत्पादों के प्रचार तथा बिक्री को बढ़ाने के उद्देश्य से देश के अंदर होने वाली बहुत सी प्रदर्शनियों और औद्योगिक मेलों में भी भाग ले रही है।

आयात किये जाने वाले फालतू पुर्जों के स्थान पर देश में पुर्जे तैयार कराने के उद्देश्य से हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड ने दिल्ली, कलकत्ता, मद्रास, बम्बई और लुधियाना में कई प्रदर्शनियां कीं। इन प्रदर्शनियों का मुख्य उद्देश्य यह है कि देश में इंजीनियरी उद्योगों को कम्पनी की आवश्यकताओं से अवगत कराया जाय और उनका निर्माण करने में उनका मार्गदर्शन किया जाय।

समितियां और जांच समितियां

(1) पाण्डे समिति

दुर्गापुर इस्पात कारखाने की निजी और सामूहिक समस्याओं का विशेषज्ञ-अध्ययन करने के लिए सरकार ने सितम्बर 1966 में रुड़की विश्वविद्यालय के प्रोफेसर उपकुलपति श्री जी० पाण्डे की एक-सदस्यीय समिति नियुक्ति की थी। इस समिति ने अपनी अंतिम रिपोर्ट अप्रैल 1967 में दी जिसमें संगठन की कार्यकुशलता पर विशेष प्रकाश डाला गया है। समिति ने कर्मचारियों की उपयोगिता और कार्य-कुशलता को बढ़ाने के बारे में भी कुछ सिफारिशें की हैं और कर्मचारियों के साथ अच्छे बर्ताव करने और मालिक-मजदूर सम्बन्धों में सुधार करने की आवश्यकता पर बल दिया है।

इस रिपोर्ट पर सरकार ने हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड के साथ मिलकर विचार किया और इस पर कुछ निर्णय किये। इन निर्णयों को क्रियान्वित किया जा रहा है लेकिन श्रमिकों में व्यापक अनुशासन-हीनता के कारण इस दिशा में विशेष प्रगति नहीं हो सकी है। इन निर्णयों की क्रियान्विति की प्रगति को जानने के लिए विशेष मासिक रिपोर्टें मंगाई जाती हैं। ऐसी आशा है कि श्रमिक स्थिति में सर्वांगीण सुधार होने से और पूर्ण-काल महाप्रबंधक की नियुक्ति से ये सिफारिशें शीघ्रातिशीघ्र क्रियान्वित की जा सकेंगी।

(2) दुर्गापुर इस्पात कारखाने की बेलन मिलों के लिए तकनीकी समिति

दुर्गापुर इस्पात कारखाने के बारे में पाण्डे समिति द्वारा की गई

सिफारिशों के परिणामस्वरूप दुर्गापुर इस्पात कारखाने की वेलन मिलों के कार्य का अध्ययन करने के लिए अगस्त 1967 में एक तकनीकी समिति बनाई गयी । इस समिति को परिचालन और संधारण में सुधार करने और निर्धारित उत्पादन-क्षमता प्राप्त करने तथा उचित क्वालिटी की वस्तुओं का उत्पादन करने का काम सौंपा गया । इस समिति ने अक्तूबर 1967 में अपनी रिपोर्ट दे दी । समिति की सिफारिशों को क्रियान्वित किया जा रहा है ।

(3) ब्रिटिश विशेषज्ञ

पाण्डे समिति की एक सिफारिश की क्रियान्विति के लिए सरकार ने अगस्त 1967 में कोलम्बो योजना के अंतर्गत दो विशेषज्ञों की एक टीम को दुर्गापुर के पहिए और धुरों के कारखाने का विशेष रूप से अध्ययन करने का काम सौंपा था । इन विशेषज्ञों ने जनवरी 1968 में अपनी रिपोर्ट दी है इसकी उपयुक्त सिफारिशों को क्रियान्वित करने की दृष्टि से इसका अध्ययन किया जा रहा है ।

(4) कोक-भट्ठी-उपोत्पाद समिति

दुर्गापुर इस्पात कारखाने के बारे में पाण्डे समिति की सिफारिशों के परिणाम स्वरूप हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड ने सितम्बर 1967 में एक उपोत्पाद समिति नियुक्त की थी। इस समिति को तीनों इस्पात कारखानों की उपोत्पाद इकाइयों के काम का मूल्यांकन करने, उनकी त्रुटियों का पता लगाने और उनके सुधार के उपाय सुझाने का काम सौंपा गया । इस समिति के फरवरी 1968 में अपनी रिपोर्ट देने की संभावना है ।

(5) उच्च-स्तरीय विशेषज्ञ-समिति

दुर्गापुर इस्पात कारखाने के बारे में पाण्डे समिति की सिफारिशों के आधार पर इस्पात कारखानों की विभिन्न इकाइयों के परिचालन और उनके उत्पादन का मूल्यांकन करने और उनके कार्य में सुधार के लिए सुझाव देने के लिए इस्पात-विशेषज्ञों की एक उच्च-स्तरीय समिति नियुक्त करने का निर्णय किया गया है । इस समिति में ऐसे आदमी लिए जायेंगे जिन्हें लोहा और इस्पात उद्योग का पर्याप्त और बहुमुखी अनुभव हो । प्रारम्भ में यह समिति राउरकेला, दुर्गापुर और भिलाई के इस्पात कारखानों के लोहा और इस्पात बनाने वाले विभागों के कार्यों का ही अध्ययन करेगी और बाद में कारखाने की दूसरी इकाइयों के कार्य का भी अध्ययन करेगी ।

(6) कोकिंग-कोल कमेटी

सरकार ने कोकिंग कोयले के उत्पादकों और उपभोक्ताओं की एक त्रिपक्षीय समिति बनाई है जिसे कोयले के नमूने लेने के लिए ऐसा तरीका निकालने का काम सौंपा गया है जो दोनों पक्षों को मान्य हो । इस समिति ने काम करना आरम्भ कर दिया है । यह भी निर्णय किया गया है कि एक स्वतंत्र अभिकरण नियुक्त किया जाय जो कोयला लादने और गंतव्य स्थलों में से कुछ चुने हुए स्थलों पर नमूने ले और उनकी जांच करे और समिति को अपना निर्णय देने में सहायता करे । इस एजेन्सी की नियुक्ति शीघ्र ही की जायेगी ।

(7) अतिरिक्त पुर्जों के बारे में समिति

अतिरिक्त पुर्जों की विवरण सूची पर नियंत्रण रखने की समस्या को सुलझाने के लिए हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड ने दिसम्बर 1967 में एक समिति नियुक्त की है । यह समिति अतिरिक्त पुर्जों के सम्पूर्ण प्रश्न पर विचार करेगी । यह समिति वर्तमान पुर्जों का वर्गीकरण करेगी और उनके नार्मल, फास्ट मूविंग और इन्श्योरेन्स (Normal, fast moving and Insurance) श्रेणियों में डालेगी और उनकी उपलब्धि, लीड टाइम और उनकी खपत के आदि को ध्यान में रखते हुए नार्मल और फास्ट मूविंग पुर्जों की स्टाक की सीमा और उनके लिए दुबारा आर्डर देने की सीमा निर्धारित करेगी । आशा है यह समिति अप्रैल 1968 तक अपनी रिपोर्ट दे देगी ।

(8) आयात किये जाने वाले माल की जगह देशीय माल का उपयोग

आयात किये जाने वाले माल की जगह देशीय माल के उपयोग की दिशा में इस्पात कारखानों के प्रमुख यांत्रिक इंजीनियरों की स्थायी समिति ने काफी प्रगति की है । यह समिति फालतू पुर्जों की विवरण सूची बनाने, फालतू पुर्जों की ड्राइंग्स तैयार करने, कारखानों से संलग्न सी० ई० एम० एफ० और फाउन्ड्रियों के कार्यों के अध्ययन करने, उपकरणों और फालतू पुर्जों के मानकीकरण की प्रगति को देखने, आदि का काम करती हैं । अब तक देश के प्रसिद्ध औद्योगिक नगरों में फालतू पुर्जों की कई प्रदर्शिनियां आयोजित की जा चुकी हैं और इस प्रकार की कई और प्रदर्शिनियों का आयोजन किया जायेगा ।

(9) स्टीयरिंग कमेटी

हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड की लम्बी अवधि के पूंजी व्यय प्रोग्राम के रूपांकन के लिए जनवरी 1968 में हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड द्वारा एक स्टीयरिंग कमेटी की स्थापना की गई है । यह कमेटी लम्बी अवधि वाली योजनाओं का रूपांकन करेगी, लम्बी अवधि की योजनाओं और बजटों का परीक्षण करेगी, विभिन्न स्कीमों के लिए प्राथमिकताएं निश्चित करेगी, यथा समय योजनाओं और बजटों पर विचार करेगी, और लम्बी अवधि के लिए बजट तैयार करेगी जिसका निश्चित अवधि के बाद अन्वेषण हुआ करेगा । यह कमेटी केवल तीन इस्पात कारखानों से सम्बन्धित रहेगी और मिश्र-इस्पात कारखाना, सेन्ट्रल कोल वाशरीज आर्गनाइजेशन, राउरकेला उर्वरक कारखाना आदि से सम्बन्धित कार्य अन्य कमेटियों को सौंपे जाएंगे और विस्तार परियोजनाओं पर भी अलग-अलग कार्य होगा । अनुमान है कि यह कमेटी अपनी पहली लम्बी-अवधि योजना, जो पांच साल के लिए होगी, मई 1968 तक प्रस्तुत करेगी ।

केन्द्रीय कोयला शोधनशाला संगठन

तीनों शोधनशालाओं के अप्रैल-दिसम्बर 1967 तक के कार्य परिणाम नीचे दिए गए हैं :—

	कच्चे कोयले की खपत		प्रतिशत निश्चित क्षमता की तुलना में
	1966-67	1967-68 (9 मास)	
1	2		3
दुगदा*	86		73
भोजुडीह	73		72
पाथरडीह	60		59

(*18 लाख टन कच्चे लोहे की खपत प्रतिवर्ष के पुनर्मूल्यांकन के आधार पर यह पाया गया कि प्रस्तावित 24 लाख टन क्षमता तब तक प्राप्त नहीं की जा सकती जब तक कि अत्यधिक छोटे कोयलों के लिए कुछ सुधार दुगदा II के साथ पूरे नहीं किए जाते)

अव्यवस्थित एवं अपर्याप्त रेल-डिब्बों की सप्लाई के कारण शोधनशालाओं के परिचालन पर प्रभाव पड़ा । कोयले से नियन्त्रण हटाने के बाद कोयले के मूल्य पर हुए विवाद के कारण 1-9-67 से 17-9-67 तक कोयले की सप्लाई रुक गई जिसके कारण भोजुडीह और पाथरडीह की शोधनशालाएं क्रमशः 10 और 5 दिनों के लिए बन्द रहीं और दुगदा शोधनशाला में सप्लाई कम होने के कारण एन० सी० डी० सी० के कोयले की परीक्षा की गई मगर वे शोधन के अनुपयुक्त पाए गए । झरिया की खानों में बाढ़ आ जाने के कारण 1967-68 के मध्य में जरूरत भर का कच्चा कोयला न मिल सका ।

पाथरडीह शोधनशाला के मई-जून 1966 में किए गए गारण्टी परीक्षण से कुछ बड़ी कमियों का पता चला जिनके कारण पूरी क्षमता प्राप्त करने में बाधा होती थी । कारण-परीक्षण अप्रैल 1966 में किया गया जो सफल रहा । किन्तु बॉम-जिग और साइक्लोन शोधनशालाओं का कार्यपरिणाम ठेके की गारन्टी के अनुसार नहीं था । आवश्यक व्यवस्था के बाद सितम्बर 1967 में जिग्स और साइक्लोन्स का परीक्षण किया गया जो संतोषजनक रहा । ठेकेदारों से आर्थिक समझौते के बाद शोधनशाला हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड द्वारा नवम्बर 1967 में अपने हाथ में ले ली गई ।

बोकारो इस्पात कारखाना

17 लाख टन इस्पात पिण्ड और 880,000 टन फाउण्ड्री लोहे की क्षमता का बोकारो इस्पात कारखाने का प्रथम चरण सरकार द्वारा मार्च 1966 में स्वीकृत हुआ । इसमें चार कोक-ओवन बैटरियां, तीन धमन भट्ठियां, और कन्वर्टर, स्लैबिंग मिल, स्ट्रिप मिल, और कोल्ड रोलिंग मिल शामिल हैं । प्रथम चरण में उत्पादन का ब्यौरा इस प्रकार है :—

1	2
(1) गर्म बेलित हल्की प्लैट, चादरें और क्वायल	789,000 टन
(2) ठण्डी बेलित चादरें और क्वायल	425,000 टन
(3) अतिरिक्त गर्म/ठण्डी बेलित चादरें या एल्यूमीनियम चढ़ी चादरें	150,000 टन
कुल उत्पादित इस्पात	1,364,000 टन

तदुपरान्त, मेसर्स नाज प्रोमेक्सपोर्ट के साथ 3-5-66 को दो समझौतों पर हस्ताक्षर हुए । एक कारखाने के निर्माण के लिए तकनीकी सहायता के लिए, जिसमें उपकरणों आदि की रूस से सप्लाई भी शामिल है, दूसरा कार्यकारी ड्राइंग की तैयारी और सप्लाई के लिए । इन समझौतों के सम्पन्न होने के बाद कारखाने के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है । जनवरी 1967 में बोकारो इस्पात कारखाने के प्रथम चरण के लिए मेसर्स हिन्दुस्तान स्टील-वर्क्स कन्सट्रक्शन लिमिटेड के साथ सिविल इंजीनियरिंग कार्य और इस्पात ढांचों के निर्माण के लिए करार किया गया । सिविल इंजीनियरिंग कार्य जो इस कम्पनी को सौंपा गया है, उसका मूल्य 1,0650 लाख रुपए, तथा इस्पात ढांचे से सम्बन्धित कार्य का मूल्य 3,630 लाख रुपए है। सिविल कार्यों के लिए टेण्डरों का फैसला जून 1967 में किया गया था ।

सयन्त्रस्थल समतलीकरण का कार्य पूरा हो चुका है और अब सिविल इंजीनियरिंग कार्य शुरू हो गया है । नींव के लिए जमीन के भिन्न तलों के बारे में ज्ञान प्राप्त करने के लिए विस्तृत प्रावैधिकी-भूगर्भीय सर्वेक्षण किया गया है। निर्माणार्थ उपकरणों एवं सामानों को लेने के लिए कांस्ट्रक्शन साइडिंग 24-6-67 को ट्रैफिक के लिए खोल दिया गया । कारखाने के निर्माण के लिए पानी सप्लाई की व्यवस्था जिसमें गर्ग बांध और जलाशय का निर्माण शामिल है पूरी हो गई है । निर्माण कार्यों के लिये विद्युत सप्लाई की भी व्यवथा की जा चुकी है। कारखाने की चारदीवारी का काम प्रगति पर है ।

कारखाने के निर्माण के लिए सिविल इंजीनियरिंग कार्य अक्तूबर 1967 में आरम्भ हुआ । आक्जिलरी शाप, शीतलीकरण ताल, धमन भट्ठी, थर्मल पावर प्लांट, कोक ओवन और बाई-प्रोडक्ट प्लांट, सिन्टरिंग प्लांट, गर्म बेलन मिल और उष्मसह पदार्थ-कारखाना क्षेत्रों में नींव की खुदाई का और कंक्रीट डालने का काम प्रगति पर है ।

सोवियत संस्था को जिन इकाइयों का कार्य सौंपा गया है उनके बहुत से कार्यकारी ड्राइंग मिल चुके हैं। इनमें जिन इकाइयों का निर्माण आरम्भ हो चुका है उनके ढांचे के सिविल कार्य, तकनीकी, वैद्युतीय, सिगनल एवं संचार व्यवस्था आदि से सम्बन्धित ड्राइंग भी शामिल हैं।

भारत में तैयार किए जाने वाले उपकरण, मशीनी साज-सामान तथा ढांचे के डिजाइन सम्बन्धी प्रलेख सप्लाई करने के लिए 23 जनवरी 1967 को मैसर्स ताजप्रोमेक्सपोर्ट के साथ सम्पन्न हुए करार के अन्तर्गत सयन्त्र से 33,448 टन उपकरण और 25,817 टन ढांचों के तकनीकी प्रलेख रूस से

मिल चुके हैं और भारी इंजीनियरिंग कारपोरेशन, रांची को दिए जा चुके हैं। 6,574 टन उपकरण और 2,840 टन ढांचों के भी तकनीकी प्रलेख मिल चुके हैं और माइनिंग एण्ड एलाइड मशीनरी कारपोरेशन, दुर्गापुर को दिए जा चुके हैं।

डिजाइन कार्य पूरा करने में भारतीय संस्थाओं के सहयोग को बढ़ावा देने के लिए 25 फरवरी 1967 को सम्पन्न हुए एक करार के अनुसार बोकारो के 17 लाख पिण्ड चरण के लिए मेसर्स एम० एन० दस्तूर को 1 जनवरी 1966 से सात साल के लिए भारतीय परामर्शदाता नियुक्त किया गया है । ऐसे कामों के लिए टेण्डर तैयार करना और देना जो रूस के साथ किए गए करार में शामिल नहीं हैं, तथा निजी क्षेत्रों से उपकरण आदि प्राप्त करना तथा उनके दाम आदि के उचित होने की परीक्षा करना भी उनके कार्यों में शामिल हैं। वे निजी क्षेत्रों से प्राप्त उपकरणों का निरीक्षण भी करेंगे । भारतीय परामर्शदाता (मैसर्स दस्तूर) उन इकाइयों के डिजाइन और कन्सट्रक्शन ड्राइंग भी तैयार करेंगे जो सोवियत सलाहकारों द्वारा दिए गए डिजाइन पर भारत में तैयार की जाएगी । कारखाने की 110 इकाइयों की डिजाइनें दस्तूर एण्ड कम्पनी द्वारा की जाने वाली हैं और सोवियत सलाहकारों से प्राप्त 96 इकाइयों की डिजाइनें उन्हें दी जा चुकी हैं। इसके अतिरिक्त निजी क्षेत्र से प्राप्त किए जाने वाले 5,182 टन उपकरणों से सम्बन्धित डिजाइन कार्य भी उनके पास भेजे गए हैं।

3 मई 1966 को सम्पन्न हुए करार के अनुसार 105,852 टन उपकरण, 17,700 टन इस्पात ढांचे, 7,460 टन उष्मसह और 39,646 टन पाइप तथा अन्य सामानों का आयात 1970 के मध्य तक होना था जिस में से 2,604 टन उपकरण, 9,944 टन पाइप और अन्य सामान दिसम्बर 1967 तक मिल चुके हैं । रूसी संस्था द्वारा बोकारो इस्पात लिमिटेड को तकनीकी सेवा प्रदान करने के लिए 572 रूसी विशेषज्ञ दिए जाने हैं जिन में से 65 रूसी विशेषज्ञ बोकारो आ चुके हैं ।

आन्तरिक स्रोतों से उपकरणों और सामानों की सप्लाई की व्यवस्थाएं भारत में की जा रही हैं । उपकरणों और सामानों का 64 प्रतिशत, संयंत्र और मशीनरी का 92 प्रतिशत, इस्पात ढांचे का 96 प्रतिशत, देश से ही प्राप्त किए

भारी इंजीनियरिंग कारपोरेशन, रांची, जो मुख्यतः इस्पात कारखानों के लिए उपकरण निर्मित करने के लिए बनाया गया है, माइनिंग एंड एलाइड मशीनरी कारपोरेशन, दुर्गापुर, हैवी इलेक्ट्रिकल्स, भोपाल, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स, हैदराबाद, त्रिचुरापल्ली और हरद्वार, इंडियन टेलीफोन इंडस्ट्रीज, बंगलौर और इन्सट्रूमेंटेशन प्लांट, कोटा, बोकारो इस्पात कारखाने के लिए आवश्यक संयंत्र और उपकरणों का एक बड़ा हिस्सा सप्लाई करेंगे। इस्पात ढांचे के 92 प्रतिशत में से 10 प्रतिशत सरकारी क्षेत्र के उद्योगों से सप्लाई किया जायेगा, मुख्यतया धमन भट्टी और कोक ओवन के तकनीकी ढांचे एच० ई० सी० रांची से, और शेष 82 प्रतिशत निजी क्षेत्र के उद्योगों से। सरकारी क्षेत्र के उद्योगों को उनसे सम्बन्धित सप्लाई के लिए आर्डर दिए जा चुके हैं। निजी क्षेत्र से उपकरणों की सप्लाई के लिए टेंडर आमन्त्रित किए गए हैं।

23 जनवरी 1967 को चेक सप्लायर्ज के साथ एक समझौता 240 लाख रुपए की कीमत पर 650 अश्व शक्ति के 12 डीजल इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव और उनके और 350 अश्व शक्ति के 13 डीजल हाइड्रालिक लोकोमोटिव और उनके फालतू पुर्जों की सप्लाई के लिए किया गया है। चार 650 अ० श० के डीजल एलेक्ट्रिक लोकोमोटिव जल्दी ही पहुंचने वाले हैं और सारी सप्लाई 1969 की पहली तिमाही में हो जायेगी। 650 अ० श० के 4 अतिरिक्त डीजल लोकोमोटिव की जरूरत रेलवे के चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स से पूरी की जायेगी।

ठेकेदारों को उपकरण लगाने में सहूलियत देने के विचार से 560 लाख रुपए का आर्डर भिन्न प्रकार की क्रेनों के लिए दिया गया है जो कि निर्माण कार्य के लिए ठेकेदारों को किराए पर दिए जायेंगे। विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट में दिखाए गए क्रेनों की आवश्यकता का यह केवल एक भाग है और ठेकेदारों द्वारा लाए गए क्रेनों को सम्पूरित करेगा।

प्रस्तुत समय अनुसूची के अनुसार पहली धमन भट्ठी सितम्बर 1970 के अन्त में पूरी हो जायेगी और पूरा कारखाना दिसम्बर 1971 के अन्त तक। समय अनुसूची के अनुसार प्रोजेक्ट का काम हो, इसके लिए नियोजन एवं समय अनुसूचन 'नेट वर्क टेकनीक' से की जा रही है। 'टेन्टेटिव मास्टर कण्ट्रोल नेटवर्क' तैयार किए पूरा किया जा चुका है। विभिन्न इकाइयों के लिए विशद 'नेट वर्क' तैयार किए जा रहे हैं। यह कार्य योजना आयोग के विशेषज्ञों की सहायता से किया जा रहा है।

रेलवे यार्ड

बोकारो के प्रथम चरण के लिए 100 लाख टन कच्चे मालों और 36 लाख टन निर्मित उत्पादनों के आने का अनुमान है। इस आवागमन के लिए रेलवे

द्वारा मारशलिंग यार्ड और एक्सचेंज यार्ड का निर्माण किया जायेगा। जहां तक इसके व्यय वहन की बात रेलवे और कम्पनी में तय हो जायेगी वहां तो तार काम शुरू हो जायेगा।

धमन भट्ठी

धमन भट्ठी के लिए चूना-पत्थर की आवश्यकता की पूर्ति हेतु भवनाथपुर चूना पत्थर खान के विकास की प्रोजेक्ट रिपोर्ट बोकारो इस्पात लिमिटेड द्वारा तैयार की गई है जो सरकार की स्वीकृति के लिए भेजी गई है। सरकार ने इस प्रोजेक्ट रिपोर्ट का विश्लेषण करने एवं सुझाव देने के लिए एक तकनीकी कमेटी नियुक्त की है। कुटेश्वर, जो इस्पात गलाने के लिए चूना पत्थर सप्लाई करेगा, की विशद प्रायोजना भी तैयार कर ली गई है। बोकारो कारखाने के क्षेत्रों के कोयले का परीक्षण केन्द्रीय ईंधन अनुसन्धान संस्थान में किया गया है। परीक्षा-फलों का अध्ययन किया जा रहा है।

भूअर्जन

कारखाने, बस्ती, सहायक सुविधाओं और मारशलिंग यार्ड के लिए आवश्यक कुल 31,254 एकड़ भूमि में से दिसम्बर 1967 तक 21,203 एकड़ भूमि अर्जित की जा चुकी थी। शेष क्षेत्रों की प्राप्ति का कार्य प्रगति पर है। विस्थापितों के पुनर्वास की व्यवस्था जो राज्य सरकार की जिम्मेदारी है की जा रही है। 6170 विस्थापित परिवारों में से 1419 परिवार पुनर्वास स्थल में आ चुके हैं।

बस्ती

इस वर्ष बोकारो इस्पात नगर की रिहायशी सुविधाओं में काफी प्रगति हुई है। 600 अस्थाई घरों, 500 मजदूरों के निवासस्थानों और एक अस्थाई होस्टल के अतिरिक्त बोकारो इस्पात नगर में 1772 स्थाई मकान हैं? 200 कमरों वाला एक होटल बन गया है जिसके 78 कमरे होटल के रूप में व्यवहृत होते हैं और बाकी रूसी विशेषज्ञों और उनके परिवारों के रहने के काम आते हैं। इसके अतिरिक्त 2520 स्थाई मकानों के निर्माण पूर्ण हो रहे हैं। 3,000 अतिरिक्त स्थाई मकानों और सम्बद्ध सार्वजनिक भवनों और सेवाओं तथा बोकारो अस्पताल का व्यय सरकार के विचाराधीन है।

कम्पनी के स्रोतों पर बोझ कम करने के लिए एक 'नगर केन्द्र' मुख्य बाजार के रूप में विकसित किया जा रहा है जिसके लिए बाहरी लोगों को व्यापारिक केन्द्र, सिनेमा, टेलीफोन एक्सचेंज और अन्य सेवा सुविधाएं खोलने के लिए आमंत्रण दिया जा रहा है पर दी जा रही है।

प्रशिक्षण एवं जन शक्ति

31 दिसम्बर 1967 को कम्पनी के कर्मचारियों की संख्या 3,378 थी। 170 स्नातक इंजीनियर हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। इसके अतिरिक्त 141 विद्यार्थी इंजीनियर इस्पात कारखानों में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। इनके अलावा 301 विस्थापित व्यक्ति भी प्रशिक्षण पा रहे हैं।

सरकारी क्षेत्र के इस्पात उद्योग का प्रस्तावित पुनर्गठन

20 सितम्बर 1963 को संसद में इस्पात और भारी उद्योग मंत्री द्वारा दिए गए नीति विषयक विवरण के अनुसार प्रशासन में सर्वतोमुखी सुधार का आरम्भ किया गया, जिस में हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड के मुख्यालय से कारखानों के जनरल मैनेजरों को शक्ति विकेन्द्रीकरण समाहित था। इसके कार्यकरण की कमेटी आन पब्लिक अण्डरटेकिंग द्वारा 28 वीं रिपोर्ट में विवेचना की गई तथा दुर्गापुर इस्पात कारखाने के कार्यकरण की विवेचना के लिए नियुक्त पाण्डे समिति ने भी इस पद्धति के कार्यकरण पर विचार किया। अक्टूबर 1967 में प्रशासनिक सुधार आयोग ने सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों पर अपनी रिपोर्ट दी जिसमें सरकारी उद्योगों के संगठन के बारे में बहुत से महत्वपूर्ण सुझाव हैं। उसी माह में इस्पात, खान तथा धातु मंत्री ने इंग्लैण्ड की यात्रा की जहां उन्होंने ब्रिटेन के राष्ट्रीयकृत इस्पात उद्योग के लिए प्रशासनिक ढांचे के लिए ब्रिटिश स्टील कारपोरेशन के आरम्भिक प्रयत्नों का अध्ययन किया। हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड की मौजूदा परिस्थितियों और समस्याओं में सितम्बर 1963 की अपेक्षा महत्वपूर्ण परिवर्तन हो चुके हैं। 1963 में देश की आवश्यकता पूर्ति के लिए अधिकतम उत्पादन पर जोर दिया गया था किन्तु आज ऐसी स्थिति है कि कई प्रकार के इस्पात के उत्पादन की क्षमता देश की जरूरत से ज्यादा हो गई है। अतः अब एक तरफ तो देश और विदेश में अधिक बिक्री की आवश्यकता है और दूसरी तरफ कीमतों पर नियन्त्रण तथा साथ ही उत्पादन और बिक्री दोनो की प्रायोजना उपभोक्ताओं को दृष्टि में रखकर और लाभ विचार से की जानेकी आवश्यकता है। कम्पनी की निर्देशक समिति नियोजन, नियन्त्रण एवं सलाहकारी कार्य ज्यादा अच्छी तरह कर सके, इसके लिए मन्त्री महोदय ने संसद में 20 मार्च 1968 के अपने बयान में हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड के प्रशासन में सुधार के प्रोग्राम की घोषणा की। इस प्रोग्राम के अन्तर्गत दो डिप्टी चेयरमैनों और 3 पूरे समय के लिए निदेशकों की नियुक्ति द्वारा मुख्यालय को अधिक शक्तिशाली बनाना भी शामिल है। यह विचार है कि 3 पूरे समय के लिए नियुक्त निर्देशक तीन विशेष कार्य क्षेत्रों से सम्बन्धित रहेंगे—यथा, जन-शक्ति और औद्योगिक सम्बन्ध, व्यापारिक कार्य-कलाप एवं

वित्त। इसके अतिरिक्त दो पार्ट-टाइम सरकारी प्रतिनिधि एवं उद्योग व्यापार या अन्य क्षेत्रों से लिए गए अधिकतम 3 पार्टटाइम निर्देशक भी रहेंगे। अबसे, भिलाई, एवं राकेला एवं दुर्गापुर के जनरल मैनेजर भी निर्देशक समिति के सदस्य होंगे जिससे कि नीतियों के निर्धारण में उनके अनुभवों से लाभ हो सके। इस प्रोग्राम के अन्तर्गत, तीन सलाहकार समितियां रहेंगी—एक भिलाई, एक राउरकेला और एक दुर्गापुर इस्पात कारखाने तथा दुर्गापुर मिश्र-इस्पात कारखाने के लिए। प्रत्येक सलाहकार समिति का चेयरमैन सम्बन्धित कारखाने के जनरल मैनेजर को बनाया जायेगा। इस समिति में सम्बन्धित राज्य सरकार के प्रतिनिधि, कर्मचारियों के प्रतिनिधि तथा 2 या 3 प्रसिद्ध गैर-सरकारी आदमी होंगे जिन्हें उद्योग, व्यापार आदि का अनुभव होगा। समिति विस्थापितों के पुनर्वास एवं रोजगार, अन्य स्थानीय लोगों के रोजगार, अधिकृत भूमि का उपयोग, सम्बद्ध सुविधाओं का विकास आदि कार्यों से सम्बद्ध रहेगी।

हिन्दुस्तान स्टील वर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड

इस्पात कारखानों एवं सम्बन्धित सुविधाओं के निर्माण के लिए हिन्दुस्तान स्टीलवर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड की स्थापना इस्पात, खान एवं धातु मंत्रालय के प्रशासनिक नियन्त्रण में की गई है। इस कम्पनी की अधिकृत पूंजी 1 करोड़ रुपये है। फिलहाल बोकारो इस्पात कारखाने का निर्माण कार्य इस कम्पनी को निम्नलिखित निबन्धों के अन्तर्गत सौंपा गया है:—

	लाख रुपये
1. निर्माण-स्थली का समतली-करण	935.84
2. सिविल-इंजीनियरिंग कार्य	9,677.00
3. ढांचा एवं संविरचन कार्य	3,630.00
4. कंस्ट्रक्शन यार्ड में ट्रैक फार्मेशन	41.50
5. बी० जी० ट्रैक का सम्बधन	1.58
6. पाईप लाईन का बिछाना	3.48

निर्माण-स्थल को समतल करने का कार्य चार क्षेत्रीय निबन्धों में सौंपा गया था और अब लगभग पूर्ण हो गया है।

सिविल इंजीनियरिंग निबन्ध से सम्बन्धित कार्य को शीतलीकरण ताल क्षेत्र के अतिरिक्त 9 क्षेत्रों में बांट दिया गया है।

ढांचा निर्माण सम्बधित कार्य के लिए 1,40,000 टन से अधिक छत की चादरों आदि की जरूरत होगी, जिसमें से लगभग 96000 टन ढांचों के निर्माण का कार्य, ढांचा-निर्माताओं को भिन्न निवधों के अन्तर्गत दिया जा चुका है।

निर्माण-स्थल की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। इसमें कारखाने की निर्माण-स्थली का समतलीकरण भी शामिल है। सिविल इंजीनियरिंग कार्यों की नींव, भूमिभित संचार व्यवस्था एवं अन्य कार्य 1967 की वर्षा के बाद अक्तूबर से दिसम्बर तक से शुरू किए गए। आक्जिलरी शाप ज़ोन, टर्बो क्लोअर एवं विद्युत-उत्पादन इकाई, धमन भट्ठी क्षेत्र, कोक-ओवन क्षेत्र, सिंटरिंग कारखाना क्षेत्र और शीतलीकरण ताल-क्षेत्र, भाग 1 और भाग 3 में कार्य सन्तोषजनक गति से आगे बढ़ रहा है। स्टील मेल्टिंग शॉप क्षेत्र, शीतलीकरण ताल-क्षेत्र भाग 2, रिफ्रैक्टरी मैटीरियल प्लांट जोन (उष्मसह पदार्थ क्षेत्र) एवं हाट रोलिंग मिल के क्षेत्र में भी हाल ही में कार्यारम्भ किया गया है और इनमें क्षिप्रगति से प्रगतिकी आशा है। आशा है कि कोल्ड रोलिंग मिल की ड्राइंग (खाका) अप्रैल 1968 तक पूर्ण हो जायेगी और उसके बाद ही कार्य भी शुरू हो जायेगा। दिसम्बर 1967 तक 8,00,000 घनमीटर खनन कार्य पूरा किया जा चुका था और साथ ही लगभग 4,500 घनमीटर कंक्रीट की नींव का भी कार्य हो चुका है। यह आशा की जाती है कि जनवरी से मार्च 1968 तक में 8,00,000 से 10,00,000 घन मीटर का और खनन एवं 60,000 घनमीटर से अधिक कंक्रीट की नींव का काम पूरा हो जायेगा।

ढांचा निर्माण का आरम्भ मेसर्स माइनिंग एण्ड एलाइड मशीनरी कम्पनी दुर्गापुर द्वारा हो चुका है जिन्होंने आक्जिलरी शाप जोन के लिए आवश्यक कुछ ढांचों का निर्माण किया था। आक्जिलरी शाप जोन, टर्बो ब्लोअर एवं विद्युत उत्पादक इकाई, धमन-भट्ठी क्षेत्र, कोक ओवन क्षेत्र और सिन्टरिंग प्लांट क्षेत्र के ढांचों के लिए दूसरे निर्माता काम शुरू करने वाले हैं। इसमें से भिन्न क्षेत्रों के लिए 30,000 टन ढांचों के लिए ड्राइंग प्राप्त हो चुकी हैं। 1967-68 में लगभग 9 करोड़ रुपये के कुल व्यय की सम्भावना है।

1968-69 के लिए परियोजना

सिविल इंजीनियरिंग एवं ढांचों का कार्य 1968-69 में काफी आगे पहुंच जायेगा जिस पर 36 करोड़ रुपए से अधिक का व्यय अनुमानित है। 1968-69 में बहुत सी सहायक इकाइयों और गोदामों, दफ्तरों एवं लोक-कल्याण के निमित्त इमारतों में कार्य छत-निर्माण तक पूरा हो चुकेगा और मुख्य उत्पादक इकाईयों

में कई नींवें पूरी हो चुकेगीं। फर्श, मशीन लगाने, एवं अन्य समाप्तपरक कार्य भी पूरे हो रहे होंगे। अधिकतर इकाइयां रेल लाइन से सम्बद्ध होंगी एवं भूमिभित संचार, सड़कें नालियां, पूरी हो चुकेंगी।

1966-67 में 50 लाख रुपए ऋण के अतिरिक्त कम्पनी की परिदत्त अंश पूंजी 23 लाख रुपए थी। 31 मार्च 1966 को अन्त होने वाले वित्तीय वर्ष में टैक्स एवं लाभांश देने से पूर्व कम्पनी को 1.3 करोड़ रुपये का लाभ हुआ। कम्पनी ने 5 लाख की अंश पूंजी पर 15 प्रतिशत की दर से 75,000 रुपये का लाभांश घोषित किया और अपने कर्मचारियों को (डेपुटेशन पर आए लोगों को छोड़कर) 20 प्रतिशत की दर से बोनस दिया। कम्पनी को 1966-67 के वित्तीय वर्ष में 69 लाख रुपए का सकल लाभ हुआ (टैक्स और लाभांश देने से पहले)। 31 दिसम्बर, 1967 को, कम्पनी के हाजरी रजिस्टर पर 84 आफिसर और 165 दूसरे कर्मचारी थे।

निजी क्षेत्र में इस्पात उद्योग

टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लिमिटेड तथा इंडियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी लिमिटेड

निजी क्षेत्र में टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी, जमशेदपुर तथा इण्डियन आयरन एण्ड स्टील कम्पनी, बर्नपुर, दो सर्वतोमुखी लौह-एवं इस्पात कारखाने हैं।

दोनों में टिस्को ज्यादा बड़ा है और उसकी उत्पादन क्षमता 20 लाख टन पिण्ड धातु है। टिस्को प्रतिवर्ष 15 लाख टन विक्रय योग्य इस्पात उत्पादित करता है जिसमें बहुतेरी किस्म की चीजें, यथा ब्लूम, बिलेट, छड़ें, चादरें आदि शामिल हैं। इस उत्पादन स्तर को स्थिर रखने के लिए टिस्को कुछ सुविधाओं, तथा, खानों का विकास, खनिज शोधन सेल्फ-फ्लक्सिंग सिन्टर शॉप्स में कुछ अतिरिक्त सुविधाएं आदि की वृद्धि कर रहे हैं। वे कोयले की उत्पादन-वृद्धि के बारे में भी सोच रहे हैं और यह बात विचाराधीन है।

टिस्को की वर्तमान उत्पादन क्षमता 10 लाख टन धातु पिण्ड है और उनके कारखानों में भारी, हल्के और मध्यम संविरचनात्मक, गर्म-बेलित चादरें, छड़, तार, पेंचें आदि शामिल हैं। वे अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ा कर 13 लाख टन धातु पिण्ड करने वाले हैं। इस विस्तार परियोजना के लिए विदेशी मुद्रा की आवश्यकता-पूर्ति टिस्को द्वारा विश्व बैंक से जुलाई 1966 में लिए गए ऋण द्वारा की जायेगी।

पुनर्वेलन उद्योग

इस्पात-पुनर्वेलन कारखाने, बड़ी मात्रा में लौह एवं इस्पात उत्पादित करने वाले मुख्य इस्पात कारखानों के सम्पूरक हैं। बड़े कारखानों के उत्पादनों से पुनर्वेलन कारखाने फिर कई चीजें बेलित करते हैं। इस कार्य के लिए वे बिलेट लेते हैं जो कारखाने पुनर्वेलनीय स्क्रेप का उपयोग करते हैं उन्हें भी पुनर्वेलन कारखाने कहते हैं।

देश की पुनर्वेलन क्षमता बिलेट आधारित होने के कारण बिलेट की कमी रही है। इससे पुनर्वेलन कारखानों ने दोषपूर्ण वितरण की शिकायत की है जो कि गत कुछ वर्षों के कार्य परिणाम पर आधारित थी जब कि बिलेट की सप्लाई काफी थी। पुनर्वेलन कारखानों की इन और अन्य सम्बन्धित समस्याओं के अध्ययन के लिए एक तकनीकी कमेटी नियुक्त की गई थी। देश की पुनर्वेलन क्षमता के सम्बन्ध में इस कमेटी का मुख्य निष्कर्ष यह है कि देश में अब और पुनर्वेलन कारखानों की स्थापना की आवश्यकता नहीं है। इसको ध्यान में रखते हुए यह तय किया गया है कि जिन इकाइयों के लिए इण्डस्ट्रीज (डेवलपमेंट एण्ड रेगुलेशन) एक्ट के अन्तर्गत लाइसेंसों की आवश्यकता होती है उन्हें स्थापित करने की अनुमति न दी जाय। लघु उद्योग क्षेत्र में ऐसी इकाइयां बिना लाइसेंस के स्थापित की जा सकती है। पुनर्वेलन क्षमता में और वृद्धि को प्रोत्साहन न देने का निश्चय किया गया लेकिन कमी वाले या पिछड़े इलाकों में पुनर्वेलन कारखानों की स्थापना के किसी ठोस सुझाव पर सरकार विचार कर सकती है।

तार

देश में विभिन्न तरह के तारों के उत्पादन की महती क्षमता है। उद्योग (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के अन्तर्गत लाइसेंस प्राप्त, एवं लौह-इस्पात नियन्त्रक की आज्ञा द्वारा स्वीकृत तार-उत्पादन की कुछ बड़ी इकाईयों के अतिरिक्त लघु उद्योग क्षेत्र की छोटी इकाइयां भी हैं। लेकिन तारों का वास्तविक उत्पादन भूत में स्वीकृत क्षमता से कम हुआ है जिसका मुख्य कारण तार छड़ (वायर रॉड) एवं जस्ते (जिंक) की कमी है। भिलाई के तार-छड़ कारखाने की स्थापना और निजी क्षेत्र में भी कुछ इकाइयों द्वारा तार-उत्पादन तथा मुक्त आयात के कारणों से स्थिति काफी बेहतर हो गई है और उत्पादन में वृद्धि की आशा है। तार-उत्पादन की मौजूदा इकाइयों में 6 से 18-20 गेज तक के तारों का उत्पादन प्रोत्साहित होता है। कुछ विशेष तारों एवं 18 गेज से पतले तारों का उत्पादन प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने इन तारों के निर्माण के प्रार्थना पत्रों पर इनके गुणों के आधार पर मार्च 1968 तक औद्योगिक लाइसेंस देने के लिए विचार करने का निश्चय किया है।

पिण्ड/बिलेट

चतुर्थ पंचवर्षीय योजना के मसौदे में विद्युत भट्ठियों द्वारा 5 लाख टन इस्पात का उत्पादन भी शामिल है। निजी क्षेत्र में पहले से ही कुछ विद्युत भट्ठियां पिण्ड उत्पादन के लिए और कान्टीन्यूअस कास्टिंग इकाइयां हैं। कान्टीन्यूअस कास्टिंग विधि द्वारा बिलेट उत्पादन की कुछ प्रायोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। देश में स्क्रेप की प्राप्यता एवं बिलेट उत्पादन के आर्थिक पहलुओं के मूल्यांकन के लिए अध्ययन करवाया जा रहा है।

कच्चा लोहा

निजी/सरकारी क्षेत्र में 12.8 लाख टन कच्चे लोहे के उत्पादन की क्षमता स्वीकृत है। कच्चे लोहे के कारखाने के मुख्य उपकरण, यथा, धमन भट्ठी आदि देश में ही भारी इंजीनियरिंग कारपोरेशन से प्राप्त किये जा सकते हैं इस बात को ध्यान में रखते हुये यह निश्चय किया गया है कि कच्चे लोहे के कारखानों को भारी इंजीनियरिंग कारपोरेशन द्वारा सप्लाई किये जाने वाली स्टैंडर्ड धमन भट्ठियां लेनी होंगी।

कच्चे लोहे की सप्लाई इस समय संतोषप्रद है। अनुमान है कि सर्वतोमुखी इस्पात कारखाने देश की जरूरत पूरी करने में समर्थ होंगे।

टिन प्लेट

निजी क्षेत्र में टिन प्लेट की तीन इकाइयां हैं जिनकी स्वीकृत क्षमता 280,000 टन है जिसमें से 150,000 टन क्षमता अधिष्ठापित हो चुकी है। निजी क्षेत्र में टिन प्लेट की सबसे बड़ी इकाई मेसर्स टिन प्लेट कम्पनी आफ इंडिया लिमिटेड है। वे मौजूदा 70,000 टन क्षमता का 160,000 टन तक विस्तार करने का विचार कर रहे हैं।

मिश्र इस्पात

चतुर्थ पंच वर्षीय योजना के अन्त में मिश्र इस्पात की मांग 500,000 टन तक पहुंचने का अनुमान किया गया था। नेशनल कांउसिल आफ एप्लाइड एकोनामिक रिसर्च मिश्र इस्पात की मांग पर पुनः विचार कर रहे हैं और आशा है कि मांग का अनुमानित मांग से कम होगी। आवश्यक उत्पादन के लिये स्वीकृत क्षमता 600,000 टन है। इसमें सरकारी क्षेत्र की 257,000 टन क्षमता भी शामिल है।

110,000 टन की अधिष्ठापित क्षमता का 60,000 टन सरकारी क्षेत्र में है। 100,000 टन की अतिरिक्त क्षमता भी अधिष्ठापित की जा रही है जिसके अगले वित्तीय वर्ष में पूरा हो जाने की आशा है। इसमें से 77,000 टन सरकारी क्षेत्र में होगा।

निजी क्षेत्र में अधिष्ठापित क्षमता 50,000 टन है जिसके 1968–69 में 80,000 टन हो जाने की आशा है।

लौह-मिश्र धातुएं

इस्पात उत्पादन के लिए लौह-मिश्र धातुएं महत्वपूर्ण कच्चा माल हैं। फेरो-मैंगनीज एवं फेरो सिलिकन के मामले में भारत आत्मनिर्भर है। फेरो-क्रोम के उत्पादन के लिए दो इकाइयों को लाइसेंस दिया गया है और आशा है कि अगले वित्तीय वर्ष में उनमें उत्पादन आरम्भ हो जायेगा। ये दो इकाइयां देश की क्रोमियम-मिश्र धातुओं के भिन्न प्रकारों की आवश्यकता-पूर्ति में समर्थ होंगी। फेरो-वैनेडियम, फेरो-टंग्स्टन, फेरो-मालिब्डेनम आदि कुछ अन्य लौह-मिश्र धातुओं का उत्पादन भी थोड़ी मात्रा में हो रहा है।

मैसूर आयरन एण्ड स्टील लिमिटेड

मैसूर आयरन एण्ड स्टील की सुविधाओं को मिश्र और विशिष्ट इस्पातों के उत्पादन के लिए प्रयुक्त करने का कार्य तेजी से चल रहा है। इस प्रायोजना के अन्तर्गत दो गलन भट्ठियों को अधिष्ठापित की जा चुकी है और अन्य इकाइयों के अगले वित्तीय वर्ष में अधिष्ठापित किए जाने की आशा है। मैसूर आयरन एण्ड स्टील लिमिटेड में विद्यमान उपकरणों की सहायता से विशिष्ट इस्पात के कुछ प्रकारों का उत्पादन किया जा रहा है।

साथ ही कच्चे लोहे की क्षमता का 80,000 टन से 200,000 टन प्रतिवर्ष तक विस्तार करने की योजना पर भी काम हो रहा है। यह प्रोजेक्ट एक साल में पूरा होने की सम्भावना है।

भावी विकास

चौथी पंचवर्षीय योजना की रूपरेखा के मसौदे में लोहे और इस्पात की उत्पादन क्षमता के लक्ष्य इस प्रकार हैं :—

(1) 148 लाख टन इस्पात पिण्ड उत्पादन की क्षमता, 117 लाख टन इस्पात पिण्ड का उत्पादन, जिसमें से 88 लाख टन को पुनर्वलित किया जायेगा।

(2) 30 लाख टन कच्चा लोहा बिक्री के लिए।

(3) 5 लाख टन मिश्र एवं औजारी इस्पात।

ये लक्ष्य 1970–71 तक प्राप्त किए जाने हैं।

2. 17 लाख टन इस्पात पिण्ड उत्पादन के लिए बोकारो इस्पात कारखाने की स्थापना और भिलाई की 25 लाख से 32 लाख टन तक विस्तार करके माइल्ड स्टील की क्षमता प्राप्त करने का प्रस्ताव था। दुर्गापुर की 16 लाख टन से 34 लाख टन इस्पात पिण्ड, राउरकेला, की 18 लाख टन से 25 लाख टन इस्पात पिण्ड, ईस्को की 10 लाख टन से 13 लाख टन इस्पात पिण्ड, टिस्को से 2 लाख टन अतिरिक्त उत्पादन एवं विद्युत् भट्ठियों की क्षमता 2 लाख टन से 5 लाख टन तक करने का प्रस्ताव था।

3. यह भी विचार किया गया कि नए स्थलों पर प्रारम्भिक कार्य शुरू किए जायें जहां आगे चलकर इस्पात कारखाने स्थापित किये जा सकें।

4. साधारण इस्पात के लिए, बोकारो इस्पात प्रोजेक्ट, ईस्को की विस्तार परियोजना और भिलाई की विस्तार योजना के प्रथम चरण को पूरा करने का काम शुरू हो गया है। भिलाई की 32 लाख टन इस्पात पिण्ड विस्तार परियोजना के दूसरे चरण के लिए एक तकनीकी-आर्थिक अध्ययन तैयार किया गया है जो सरकार के विचाराधीन है। भिलाई की 32 लाख टन इस्पात पिण्ड क्षमता तक विस्तार की परियोजना का पैटर्न तय कर लिए जाने के बाद एक बृहद् प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की जायेगी।

37. निजी क्षेत्र कोयला उद्योग को मन्त्रणा दी गई है कि वे अपने विस्तार कार्यक्रम तथा चौथी पंचवर्षीय योजना की नई योजनाओं की विदेशी मुद्रा की आवश्यकताओं के विषय में इंडस्ट्रीयल क्रेडिट एण्ड इंवेस्टमेंट कारपोरेशन आफ इंडिया लि० के पास जाएं। उनकी संधारण अतिरिक्त भागों तथा पुर्जे बनाने की आवश्यकताओं को भारत सरकार को समय समय पर प्राप्त होने वाली विदेशी मुद्रा में से, जितना हो सके, पूरा किया जा रहा है।

कोयला खानों का एकी-करण

38. कोयला खानों का एकीकरण तथा सीमाओं का व्यवस्थापन करने के लिए अगस्त 1958 में सरकार द्वारा बनाई गई समिति ने एकीकरण के प्रस्तावों का परीक्षण जारी रखा। समिति द्वारा अभी तक अनुमोदित किए गए प्रस्तावों की संख्या 73 है। वास्तविक एकीकरण लगभग 44 मामलों में हो चुका है।

कोयला नियंत्रक संस्था

39. कोयला नियन्त्रक की संख्या एक अधीन कार्यालय है जो इस विभाग के प्रशासनिक नियन्त्रण में काम करता है। शुरू से ही यह कोयले के उत्पादन, वितरण, चालन तथा उसकी कीमतों का अभिकरण रही है। इसके अतिरिक्त यह केन्द्रीय सरकार को औद्योगिक लाइसेंस तथा खनन पट्टे देने आदि विषयों में मन्त्रणा देती है। यह कार्यालय रेल एवं समुद्र मार्ग द्वारा कोयले के यातायात के लिए राज सहायता प्रदान करने की योजना की भी देख भाल करता है। कोयले के मुख्य तथा वितरण पर से नियन्त्रण हटा लेने से इसके कार्यभार में कुछ न्यूनता हो गई है। बचे हुए काम तथा इसके कर्मचारियों के अतिरेक का अनुमान लगाने के लिए जांच की जा रही है।

कोयला बोर्ड

कार्य-कलाप

40. कोयला बोर्ड एक प्रावैधिक निकाय है, जोकि कोयला खानों में सुरक्षा के उपाय उन्नत करने और कोयला संसाधनों की संरक्षा के लिए कोयला खान (संरक्षा तथा सुरक्षा) अधिनियम 1952 के अन्तर्गत स्थापित की गई थी। इस अधिनियम के

लिए कोयला खानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना अब भी बोर्ड के मुख्य क्रिया-कलापों में से एक है। 1967-68 के वर्ष में सहायता के रूप में 553.01 लाख रुपए की राशि दी जाने की आशा है (जब कि 1966-67 के वर्ष में सहायता की राशि 525 लाख रुपए थी)। विपरीत कारकों से बाधित कोयला खानों को सहायता प्रदान करने की योजना चल रही है। 1967-68 के पहले वर्ष में 161.50 लाख रुपये की राशि सहायता के रूप में दी जाने की आशा है (जब कि 1966-67 के वर्ष में यह राशि 289.55 लाख रुपए थी)।

किसी खान में आग के विस्तार को रोकने या खानों के निकटवर्ती क्षेत्र से आने वाले पानी से खानों के डुबाव को बचाने या खानों में आग लगने, या बाढ़ को रोकने के लिए बोर्ड द्वारा बचाव कार्य किए जाते हैं। 1967-68 वर्ष के में इन कार्यों पर 25.6 लाख रुपए व्यय किये जाने की आशा है (जब कि 1966-67 में व्यय 4.22 लाख रुपए था)।

केन्द्रीय रज्जुपथ योजना—

41. उत्तम श्रेणी के कोकिंग तथा नानकोकिंग कोयलों के संरक्षण को निश्चयी बनाने तथा कोयले का उत्पादन बढ़ाने के लिए चुनी हुई कोयला खानों को दामोदर तथा अजय नदियों से रेत ले जाने के लिए झरिया और रानीगंज कोयला क्षेत्रों में 5 हवाई रज्जुपथ लगाने के काम को बोर्ड ने हाथ में लिया है। प्रथम रज्जुपथ, जो कि झरिया में रज्जुपथ "डी" क्षेत्र के नाम से जाना जाता है, पूर्ण कर लिया गया और इस को बोर्ड ने दिसम्बर, 1965 में अपने अधीन कर लिया। तीन रज्जुपथ जामवाद, कजोरा राजीगंज क्षेत्र में बनाए जा रहे हैं और आशा है कि ये 1968 के मध्य तक पूर्ण हो जाएंगे। झरिया कोयला क्षेत्र के 'एफ' क्षेत्र में रज्जुपथ का काम प्रगति पर है और आशा है कि 1968 के मध्य तक पूरा हो जाएगा।

कोयले के मूल्य :

42. 24 जुलाई, 1967 से सरकार ने सब प्रकार के कोयले पर से मूल्य नियन्त्रण हटा लिया और धातुकार्मिक उद्योगों के वास्ते आवश्यक कोकिंग कोयले के वितरण नियन्त्रण को छोड़ कर सब प्रकार के कोयले से वितरण नियन्त्रण हटा लिया है।

वैरिफ प्रशुल्क आयोग की कोयले तथा साफ्ट कोक के मूल्यों तथा धुले हुए कोयले तथा उप-पदार्थों के मूल्य ढांचे सम्बन्धित रिपोर्ट पर सरकार द्वारा विचार

किया गया और सरकारी निर्णय 27 नवम्बर, 1967 के सरकारी संकल्प में घोषित किए गए।

रेल एवं समुद्र मार्ग द्वारा कोयले का सहायतायुक्त प्रेषण

43. इस योजना के अधीन 1967-68 के दौरान 0.77 मिलियन टन कोयला रेल व समुद्र मार्ग द्वारा भेजे जाने की आशा है। 1966-67 वर्ष में 0.75 मिलियन टन कोयला भेजा गया। वर्तमान वर्ष में राज सहायता के रूप में 186 लाख रुपए की राशि दी जाने की आशा है जब कि पिछले वर्ष 1966-67 में 215 लाख रुपए की राशि दी गई थी। 1967-68 वर्ष के पहले सात महीनों में कोयले का वास्तविक आवागमन 0.405 मिलियन टन का था।

सामान्य विषय

1—कोयला मन्त्रणा परिषद/कोयला विकास परिषद

44. कोयला मन्त्रणा परिषद की स्थापना 1964 में की गई थी (जिसका नाम बाद में कोयला विकास परिषद रख दिया गया था)। इसका काम सरकार को सब प्रकार के सामान्य विषयों पर मन्त्रणा देना है। इसकी तीसरी बैठक 3 और 4 जुलाई, 1967 को हुई। जिन मुख्य बातों पर चर्चा हुई उन में थीं— देश में तथा विदेश में खनन इंजीनियरों को रोजगार देने की क्षमता, परिवहन की गुत्थियां, परिषद की पांच स्थायी समितियों के कार्यकलाप तथा सब प्रकार के कोयले पर से नियन्त्रण हटाना। कोयला विकास परिषद की पांच स्थायी समितियां जिन्हें कि (1) परिवहन, वितरण तथा नियन्त्रण (2) मांग का निर्धारण (3) खानों का उत्पादन तथा नवीकरण (4) अन्वेषण तथा विकास तथा (5) संसाधनों का अनुमान लगाने की विशिष्ट समस्याएं सौंपी गई हैं, वर्ष के दौरान इन समस्याओं का समाधान करने के लिए समय समय पर मिलती रहीं।

2. ईंधन दक्षता समिति

45. उच्च श्रेणी के कोयलों के संरक्षण के प्रयत्न जारी रहे। कमेटी ने विचार में कोयले पर से नियंत्रण हटने के बाद भी कोयले के परिमाण तथा प्रकार के प्रसंग में उसके प्रयोग को युक्तिकरण करना आवश्यक होगा।

गोलाकार वाष्पित्रों में यांत्रिक "स्टोकर्स" प्रयोग करने की दिशा में समिति ने अपने प्रयत्न जोरों से चालू रखे जिससे वर्तमान तथा भविष्य में संचय होने वाले स्लेक कोयले के इस्तेमाल का रास्ता खुले।

46. विभिन्न प्रकार के उत्स्फोटकों तथा विस्फोटकों के संचय तथा प्रदान की स्थिति संतोषजनक रही। इंडियन एक्सप्लोसिव्स लि० तथा इंडियन डिटोनेटर्स लि० देश में तांबा विद्युत विस्फोटकों तथा साधारण विस्फोटकों का निर्माण कर रहे हैं। इनकी गोमिया और हैदराबाद निर्माणियों में तांबा विद्युत, एल्यूमिनियम/साधारण विस्फोटकों का निर्माण होता है। यदि इनका सामान महानिदेशक खान सुरक्षा ने स्वीकार कर लिया तो ये देश की आवश्यकताओं को पूरा कर सकेंगे।

4. प्रशिक्षण

47. खान इंजिनियरी शिक्षा तथा प्रशिक्षण के संयुक्त मंडल ने अपनी 27 अप्रैल 1967 में हुई बैठक में निष्कर्ष निकाला कि आगामी वर्षों में देश में खनन इंजीनियरों की संख्या उनकी मांग से कहीं अधिक होगी। अतः यह निर्णय किया गया कि विकास हो रहे देशों में भारतीय खनन इंजीनियरों को नौकरी दिलाने की सम्भावना की जांच की जाए। इस ओर किए गए प्रयत्नों से कुछ सम्भावनाएं प्रकट हुई हैं, जिन के बारे में सक्रिय रूप से आगे कार्यवाही की जा रही है। नए खनन इंजीनियरों की बढ़ती हुई संख्या को रोकने का दूसरा उपाय इस वर्ष से खनन संस्थाओं में दाखिले कम कर देना है।

5. तालचर इण्डस्ट्रीयल काम्पलैक्स

48. उड़ीसा की औद्योगिक विकास निगम लि० (उड़ीसा सरकार निकाय) ने 48 करोड़ रुपए की लागत पर पिग आयरन, यूरिया तथा उप-पदार्थ प्राप्त करने के लिए तालचर काम्पलैक्स स्थापित करने का एक प्रस्ताव भेजा है, जो विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में उठाए जाने वाले अगले कदमों के बारे में शीघ्र ही कोई निश्चय हो जाने की सम्भावना है।

6. असम कोयले का जांच समूह

49. केन्द्रीय ईन्धन अनुसन्धान संस्था ने ऊपरी असम की कोयला खानों के कोयले के पाइलट अनुमाप जांच करके पता चलाया है कि यह कोयला झरिया और रानीगंज के कोयले को मिलाकर अच्छी तरह प्रयोग किया जा सकता है। असम कोयले के कोयले को वाणिज्य स्तर पर प्रयोग करने की तकनीकी सम्भाव्यता का निर्णय किया जाना है। तदनुसार अब सरकार ने डा० एस० हुसैन जहीर के सभापतित्व में असम कोयले का धातुकार्मिक कोक के निर्माण से वाणिज्य प्रयोग करने

की जांच के लिए एक अध्ययन समूह नियुक्त किया है। आशा है कि अध्ययन समूह अपनी रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करेगा।

चौथी योजना का प्रारूप

50. चौथी योजना के दौरान कोयले की आवश्यकता की पुनरीक्षा कोयला विकास परिषद् ने अपनी जुलाई, 1967 में हुई बैठक में की। इस बैठक में परिषद ने चौथी योजना में कोयले की मांग के विस्तृत अनुमान देखे जो कि मांग निर्धारण समिति द्वारा, कोयला खपत के उद्योगों के परामर्श से तथा उनकी योजना कार्यक्रमों और उनके पूर्ण किए जाने की वास्तविकता पर आधारित थे। इस अनुमान के अनुसार आशा है कि कोयले की मांग 1970-71 तक लगभग 99 मिलियन टन हो जायेगी तथापि यह महसूस किया गया कि वर्तमान औद्योगिक विकास की रफ्तार मन्दी होने से कोयले की वास्तविक आवश्यकता 90 मिलियन टन से अधिक नहीं हो सकेगी। अभी तक कोयले की मांग में उन्नति के कोई चिन्ह दिखाई नहीं देते क्योंकि उद्योग की रफ्तार मन्दी चल रही है। यह ध्यान में रखते हुए अब ऐसा प्रतीत होता है कि कोयला खपत उद्योगों की उन्नति 90 मिलियन टन तक न हो सकेगी जैसा कि जुलाई, 1967 में विचार था। इन अनुमानों का समय समय पर पुनर्रीक्षण किया जाता है जिससे कि कोयले का उत्पादन मांग के अनुरूप बनाया जा सके और उत्पादन तथा मांग के अन्तर को कम से कम किया जा सके।

कोकिंग कोयला

51. मांग में कमी होने के कारण कोकिंग कोयले का उत्पादन 1967-68 के स्तर पर कायम है अर्थात् 16.5 मिलियन टन है। इसमें 2.9 मिलियन टन सरकारी क्षेत्र में तथा 13.6 मिलियन टन निजी क्षेत्र में है। धातुकार्मिक उद्योगों की मांग का अनुमान 1968-69 वर्ष में 18.10 मिलियन टन है। 1.6 मिलियन टन की अतिरिक्त मांग उद्योग पूर्ण कर सकेगा।

ब्लैंडेबल कोयला

52. ब्लैंडेबल कोयले के उत्पादन का वर्तमान स्तर 2.40 मिलियन टन है। निर्माण अधीन गिडि धावनशाला से प्राप्त होने वाले कोयले का उत्पादन बढ़ाकर, धातुकार्मिक उद्योगों के ऐसे कोयले की मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त होगा।

नान-कोकिंग कोयला

53. नान-कोकिंग कोयले का जहां तक सम्बन्ध है, इसकी मांग को सरकारी तथा निजी क्षेत्र की वर्तमान योजनाओं तथा परियोजनाओं के उत्पादन से पूरा किया जाएगा। पक्के उपभोक्ताओं की क्षेत्रीय मांग को छोड़कर नई योजनाएं शुरू करने की आवश्यकता नहीं है।

हार्ड कोक

54. व्यापारी कोक भट्टियों की वर्तमान बीहाइव कोक की क्षमता 0.57 मिलियन टन तथा उप-पदार्थ कोक क्षमता 0.30 मिलियन टन है। इसके अतिरिक्त दुर्गापुर कोक भट्टियों की परियोजना में 4 बैटरियां लगाई हैं जिनमें प्रत्येक की क्षमता 0.15 मिलियन टन उप-पदार्थ हार्ड कोक प्रति वर्ष उत्पादन करना है। दुर्गापुर कोक भट्टियों की परियोजना के और विस्तार होने का कार्यक्रम है। तथापि मांग में कमी आ जाने के कारण वर्तमान क्षमता का भी पूर्णरूप से प्रयोग नहीं किया जा रहा है। बाजार की दशा अनुकूल हो जाने पर वे विस्तार कार्यक्रम को हाथ में लेंगी।

अध्याय 2

लिग्नाइट

परिचय

दूसरी पंचवर्षीय योजना में शामिल की गई सर्वतोमुखी परियोजना के अनुसार प्रतिवर्ष 3.5 मिलियन टन लिग्नाइट का खनन खुली खान पद्धति द्वारा करने का विचार था और इसका विधायन तथा प्रयोग निम्न प्रकार से किया जायेगा :—

(1) प्रत्येक 50 मेगावाट के 5 एककों वाले एक विद्युत केन्द्र में 250 मेगावाट विद्युत का उत्पादन ;

(2) यूरिया के रूप में 152,000 टन नाइट्रोजन वाले उर्वरक का उत्पादन जिसमें 46 प्रतिशत नाइट्रोजन का अंश है (अर्थात् प्रतिवर्ष 70,000 टन नाइट्रोजन); और

(3) घरेलू ईंधन के रूप में प्रयोग करने के लिये लगभग 3,80,000 टन कारवनयुक्त लिग्नाइट ब्रिक्टिस (जिसका वाणिज्यिक नाम ब्रिकेटस है) का उत्पादन ।

तीसरी योजना के अन्तर्गत विद्युत केन्द्र की क्षमता 250 मेगावाट से बढ़ा कर 400 मेगावाट की जानी थी । ऐसा 50 मेगावाट का एक और एकक तथा 100 मेगावाट का एक एकक (छठा और सातवां एकक) जोड़ कर करना था। चौथी योजना के भाग के रूप में 100 मेगावाट यूनिट के 2 और एकक जोड़ कर (आठवां और नवां एकक) इसकी क्षमता को 600 मेगावाट तक पहुंचाना है । विद्युत केन्द्र के उपरोक्त विस्तार के लिये खान का उत्पादन 1969-70 में 6.3 मिलियन टन प्रति वर्ष तक बढ़ा दिया जायेगा ।

खनन

2. अगस्त 1961 में लिग्नाइट की पहली स्तर प्रगट हुई और 23-12-1967 तक लगभग 10.40 मिलियन टन लिग्नाइट खनन किया गया (जिस में 1-8-1967 से 23-12-1967 तक खनन किया गया 2.3 मिलियन टन लिग्नाइट भी शामिल है) और उन्हें निम्न उपभोक्ता एककों को भेजा गया :—

	मिलियन टन में
उष्म विद्युत केन्द्र	8.76
उर्वरक	0.88
ब्रिकिटिंग तथा कारवनीकरण	0.76
	10.40

उष्म विद्युत केन्द्र

3. उष्म विद्युत केन्द्र की 250 मेगावाट क्षमता की पहली अवस्था, जिसमें प्रत्येक 50 मेगावाट के पांच एकक हैं, अप्रैल 1964 में प्राप्त हो गई थी । दूसरी अवस्था में, जिसमें विद्युत केन्द्र की क्षमता 250 मेगावाट से 400 मेगावाट विस्तार करके करनी थी, एक और 50 मेगावाट (छटा) एकक सितम्बर 1965 में लगाया गया था और 100 मेगावाट का एक (सातवां) एकक मार्च 1967 में लगाया गया । और विस्तार 400 मेगावाट से 600 मेगावाट करने के लिये 100 मेगावाट के दो और एकक (आठवां और नवां) लगा कर किया जाना है । जबकि पहली दो अवस्थाओं के लिये लगभग सारे उपकरण रूस से प्राप्त किये गये थे तीसरी अवस्था के लिये 21,363 टन उपकरणों में से 15,163 टन रूस से आयात किये जाने थे और शेष 6,200 टन उपकरण स्वदेश से उपलब्ध किये जा रहे हैं । लगभग 14,707 टन आयातित और 4,634 टन देशी उपकरण स्थान पर प्राप्त हो चुके हैं। सम्बन्धित सिविल कार्य तथा उपकरण लगाये जाने के कार्य प्रगति कर रहे हैं । वर्तमान इंगितों के अनुसार आठवां और नवां एकक क्रमशः फरवरी 1969 और सितम्बर 1969 में चालू होने की आशा है ।

4. जून 1962 में प्रथम 50 मेगावाट के विद्युत केन्द्र चालू होने से अब तक विद्युत उत्पादन (शुद्ध) तथा मद्रास ग्रिड को दी गई विद्युत मात्रा निम्न प्रकार है :

(मिलियन किलोवाट घंटों में)

वर्ष	उत्पादित विद्युत (शुद्ध)	मद्रास ग्रिड को दी गई
1962-63	246.30	206.17
1963-64	865.83	788.20
1964-65	1157.38	1060.37
1965-66	1557.23	1382.45
1966-67	1262.65	1028.04
1967-68 (23-12-1967 तक)	1252.22	1045.65

MoM&M/67

5. नैवेली विद्युत केन्द्र से मद्रास ग्रिड को दी गई विद्युत के लिये 5.2 पैसे प्रति किलोवाट घंटा की दर से पैसे लिये जाते हैं। क्योंकि नैवेली से विद्युत उत्पादन की लागत अब बहुत बढ़ गई है, जिसके, अन्य बातों के अतिरिक्त ये कारण हैं— लिग्नाइट के खनन की लागत बढ़ना, रुपये के अवमूल्यन के कारण 400 से 600 मेगावाट के विस्तार पर अधिक लागत तथा ऋण पर ब्याज की दर 5½ प्रतिशत से 7 प्रतिशत हो जाना, नैवेली लिग्नाइट निगम और मद्रास सरकार और मद्रास राज्य विद्युत मंडल के बीच बिजली की दर बढ़ाने के लिये बातचीत हो रही है। जुलाई से सितम्बर, 1967 तक मद्रास ग्रिड से नेवेली विद्युत की बहुत कम मांग रही जिसके कारण थे (क) वर्षा होने से कृषि में कम बिजली का प्रयोग और (ख) विद्युत के जलाशयों के पूर्ण होने से जलीय विद्युत स्रोतों से अधिक उत्पादन। इस लिये नैवेली विद्युत केन्द्र को, इस अवधि में मद्रास ग्रिड की आवश्यकताओं के अनुसार, कम प्रभार पर चलाया गया। क्योंकि यह तकनीकी तथा आर्थिक दृष्टि से नैवेली लिग्नाइट निगम के हित में हानिकर था इस लिए अक्तूबर, 1967 से मार्च 1969 तक मद्रास राज्य विद्युत मंडल से प्रति मास कम से कम 400 मेगावाट बिजली प्राप्त करने के लिए गारंटी प्राप्त की जा चुकी है। इस गारंटी के परिणाम स्वरूप प्लांट अक्टूबर 1967 से लगभग पूरी क्षमता से चल रहा है।

उर्वरक प्लांट

6. उर्वरक प्लाट ने यूरिया का उत्पादन कार्य मार्च, 1966 में आरम्भ कर दिया था। मार्च, 1967 तक कुल उत्पादन 60.602 टन हुआ। प्रारम्भ में धातु के घिसने, वाल्व से हवा निकलने, कम्प्रैसर्स का काम बंद करने, विकलर जैनेरटर में किलिंकर बनाने और एल्केजिड लाई, जो कि गैस शुद्ध करने में प्रयोग होती है, उसका ह्रास होने आदि के कारकों से यूरिया के उत्पादन पर प्रभाव पड़ा। एक जांच समूह, जिसका मुखिया, मुख्य परियोजना अधिकारी, रासायनिक विभाग, पैट्रोलियम तथा रसायन मंत्रालय था, इस प्लांट के कार्य की जांच करने गया। प्लांट के निर्धारित क्षमता प्राप्त करने की दृष्टि से कुछ सुझाव दिये हैं, जिस में प्लांट में कुछ सुधार तथा वृद्धियां करने के सुझाव शामिल हैं। इस पर 22 लाख रुपये की लागत का अनुमान है। उन सुझावों को अपनाया जा रहा है और आशा की जाती है कि इससे प्लांट अपनी क्षमता 1968–69 तक 1,52,000 टन को प्राप्त कर लेगा।

ब्रिकिटिंग तथा कारबनीकरण प्लांट

7. यह प्लांट अगस्त 1965 से चालू हुआ था। मार्च के अन्त तक इसका उत्पादन 67,891 टन था। 1967–68 में 23–12–1967 तक इससे 65,897 टन उत्पादन हुआ। इस नये प्रकार के घरेलू ईंधन के लिए लगातार मांग स्थापित करने के लिए निगम पूरे उपाय कर रहा है। विद्युत केन्द्र और उर्वरक संयंत्र की मांग पूरी करने के पश्चात लिग्नाइट की सीमित उपलब्धि के कारण और बाजार में मांग की वृद्धि में कमी के कारण, ब्रिकिटिंग और कारबनीकरण संयंत्र अपनी निर्धारित क्षमता से कम क्षमता पर चलता रहा है। वर्ष के दौरान "लिको" की मांग में बढ़ोतरी प्रतीत हुई है। लिग्नाइट का उत्पादन 1969–70 में बढ़ कर 6.3 मिलियन टन प्रति वर्ष तक हो जाने पर यह आशा की जाती है कि बढ़ती हुई मांग के अनुरूप "लिको" का उत्पादन बढ़ाने के लिए पर्याप्त मात्रा में लिग्नाइट उपलब्ध हो जायगा।

8. वर्ष के दौरान निगम के अनेक कर्मचारी भारत तथा विदेशों में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिये भेजे गये। प्रशिक्षण का उद्देश्य चुने गये कर्मचारियों की योग्यता तथा कार्य क्षमता को बढ़ाना था।

कर्मचारियों को सुविधाएं

9. नैवेली लिग्नाइट निगम कर्मचारियों का सहकारी स्टोर नैवेली कस्बा के निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं को संतोषजनक रूप से पूरा करता रहा।

10. सामान्य हस्पताल, जिस में 150 बिस्तर हैं तथा जहां सभी आधुनिक सुविधाएं हैं और जिसके 2 सहायक केन्द्र हैं तथा हर केन्द्र में 8 बिस्तर हैं, संतोषजनक रूप से कार्य करता रहा।

अध्याय 3

खनिज उत्पादन

1967 के वर्ष में खनिजों का उत्पादन लगभग वही था जो कि पिछले वर्ष था। उत्पादन के आंकड़े नीचे दिये गये हैं :—

भारत में खनिज उत्पादन

खनिज	एकक	1960	1965	1966	1967* (अनुमानित)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1. स्फोटिज	'000 टन	387	707	750	755
2. तांबा अयस्क	'000 टन	448	468	481	448
3. क्रोमाइट	टन	106,896	59,685	77,770	96,394
4. डोलोमाइट	'000 टन	650	977	1,054	1,081
5. सोना	किलोग्राम	4,995	4,063	3,736	3,072
6. जिप्सम	'000 टन	997	1,160	1,295	1,082
7. कच्चा लोहा	'000 टन	16,609	23,738	26,783	25,549
8. [illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
9. [illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
10. [illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
11. [illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
12. मैंगनीज अयस्क	'000 टन	12,935	19,937	19,910	18,210
13. अभ्रक (कच्चा)	'000 टन	1,453	1,647	1,707	1,644
14. जस्ता संकेन्द्रक	'000 टन	29.2	23.8	22.8	17.6
15. खनिजों का मिलियन रुपयों में कुल मूल्य		9.8	9.6	8.9	9.5
		528	663	690	707

(इस सामग्री में प्राकृतिक तेल, आणविक खनिज, कोयले तथा छोटे खनिजों के उत्पादन के आंकड़े शामिल नहीं हैं, जो कि खनिज संरक्षण तथा विकास नियमों 1958 की परिधि के बाहर हैं)

टिप्पण (1) ये सामग्री भारतीय खान ब्यूरो से खनिज संरक्षण तथा विकास नियम 1958 के अन्तर्गत प्राप्त हुई है। इसमें गोआ का खनिज उत्पादन भी शामिल है जिसकी सामग्री पानाजी के उद्योग तथा खान निदेशक से प्राप्त हुई है। गोआ के खनिज उत्पादन के मूल्य का अनुमान भारतीय खान ब्यूरो ने लगाया है।

(2) समस्त मूल्य में (पद संख्या 15) नमक का मूल्य भी शामिल है। साधन :—नमक आयुक्त।

*यह अनुमान प्रथम 10 मास के वास्तविक आंकड़ों पर आधारित है।

खनिज सम्पत्ति का विकास

सरकारी क्षेत्र

राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लि०

2. 1967 के दौरान, बोर्ड के निदेशकों की नौ बार बैठक हुई। वार्षिक सामान्य बैठक 29 दिसम्बर, 1967 को हुई।

किरिबुरू कच्चा लोहा खानें

3. किरिबुरू खान का विकास 2 मिलियन टन परिमाण अयस्क प्रतिवर्ष दीर्घ अवधि पर देने के लिए भारत सरकार तथा जापान इस्पात मिलों के बीच हुए एक समझौते के अनुसरण में किया गया है। 1966–67 के दौरान इसका उत्पादन स्तर 1.89 मिलियन टन तक पहुंच गया था। आशा है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान उत्पादन 2 मिलियन टन के स्तर का होगा—31 दिसम्बर 1967 तक उत्पादन 1.42 मिलियन टन था।

एक तीन साला समझौते पर —1, अप्रैल 1966 से 31 मार्च 1969 तक—एम० एम० टी० सी० ने जापान इस्पात मिलों के साथ 58 शिपिंग प्रति लांग टन की एफ० ओ० बी० टी० विक्रय मूल्य, पर हस्ताक्षर किये। 1966–67 के दौरान 1.77 मिलियन टन अयस्क जहाज द्वारा भेजा गया था साथ ही इस वर्ष में 31 दिसम्बर, 1967 तक और 1.44 मिलियन टन जहाज द्वारा भेजे के पश्चात् समझौते के अन्तर्गत समस्त जहाज प्रेषण 3.2 मिलियन टन हो गये हैं।

अप्रैल, 1964 से 31 दिसम्बर, 1967 तक काम शुरू होने तक इसका उत्पादन, अलग अलग, निम्न हैं:—

(मिलियन टन में)

प्लांट में पिंड अयस्क का उत्पादन	4.05
प्लांट में चूर्ण अयस्क का उत्पादन	2.26
फ्लोट अयस्क	0.44
जहाज प्रेषण	4.15

इस वर्ष के दौरान चालन परिव्यय 210 लाख रुपये के स्तर के होने की आशा है। इसमें पूंजी विनियोजन के व्यय शामिल हैं परन्तु सरकारी ऋणों पर ब्याज शामिल नहीं। 1966–67 के दौरान 45 लाख रुपये का और घाटा था

जिससे संचयी हानि 295 लाख रुपये हो गई। हानि के मुख्य कारण हैं—दीर्घ रेल लदाने और इस परियोजना के स्वीकार होने के समय भी यह पता था कि यह लाभ कमाने वाली नहीं है। तथापि कच्चे लोहे के निर्यात से दिसम्बर 1967 तक 21 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा कमाई गई है।

किरिबुरू विस्तार

4. इस निर्णय के प्रसंग में कि किरिबुरू खान के उत्पादन को 1970–71 तक बोकारो इस्पात प्लांट की ओर उन्मुख कर दिया जायेगा तथा परिणाम स्वरूप निर्यात वचन को किरिबुरु से बेलादिला को दे दिया जाने की आवश्यकता होगी, निगम ने किरिबुरु प्लांट की वृद्धि तथा संशोधन के लिए एक परियोजना रिपोर्ट तैयार की है। इससे रन-आफ-माइन की प्रदा 3.3 मिलियन टन से 5 मिलियन टन हो जायेगी तथा 0.5 मिलियन टन चूर्ण की प्राप्ति होगी। इस पर 11.54 करोड़ रुपये पूंजीलागत होने का अनुमान है जिस में 4.23 करोड़ रुपये विदेशी मुद्रा का भाग होगा। रिपोर्ट विचाराधीन है। तथापि समयावलि छोटी होने तथा देशी उपकरण पर अधिक बल देने के कारण, हैवी इंजीनियरिंग निगम लि० को डिजाइन इंजीनियरिंग उपकरणों की प्रदा, अधीक्षण, स्थापना तथा विस्तारित प्लांट को चालू करने तथा सुधार लाने की विशिष्टियों को, निविदाएं प्राप्त करने के लिए भेज दिया गया है। प्रारम्भिक कार्य प्रगति कर रहे हैं।

बेलादिला कच्चा लोहा परियोजना
(निक्षेप नं० 14)

5. इस खान का विकास, 4 मिलियन टन परिमाण लोह अयस्क प्रति वर्ष निर्यात करने के लिए, भारत सरकार और जापान की इस्पात मिलों के बीच 1960 में हुए समझौते के अनुसरण में किया जा रहा है। 15.75 करोड़ रुपये, जिस में 4.77 करोड़ रुपये अवमूल्यन से पहले की विदेशी मुद्रा का भाग शामिल है, के स्वीकृत परियोजना अनुमान पुनरीक्षाधीन हैं।

खान के 3 मुखों के दो कटाव तैयार हैं। अपघर्षण, छानने, वैगन लादने और कच्चे चूर्ण की व्यवस्था के प्लांट आदि के विभिन्न उपकरणों की स्थापना का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। इसके साथ ही इससे सम्बन्धित सिविल निर्माण का कार्य, अर्थात् नगर निर्माण, सड़कें, भवन, कार्यालय आदि के निर्माण के काम प्रायः पूर्ण हो चुके हैं। रेलवे वैगन लादने का स्वयं चालित प्लांट, जो पिंड अयस्क संग्रह से अयस्क लेता है और भूगर्भ सुरंग तथा सम्वाहकों में अभ्यापन

करना है, दिसम्बर 1967 में चालू किया गया था। यह प्लांट अब इस क्षेत्र में खनन किए गए फ्लोट अयस्क का लदान कर रहा है।

6 लाख टन के लगभग रन-आफ-माइन अयस्क गिरिशिखर खनिपट्टियों के विकास के दौरान जमा हो गया है। खनिपट्टियों का विकास परियोजना के वर्तमान जनित्रों में से प्राप्त होने वाली विद्युत शक्ति तक ही सीमित है। नियमित शक्ति मध्यप्रदेश—राज्य-विद्युत-मण्डल से अप्रैल 1969 तक जुटाई जा सकने की आशा है जब संयंत्र द्वारा उत्पादन शुरू हो जाने की आशा है।

बेलादिला के पट्टे पर दिये क्षेत्र में फ्लोट अयस्क का खनन वर्ष के दौरान प्रारम्भ कर दिया गया था और 31 दिसम्बर 1967 तक 2.33 लाख टन उत्पादन कर दिया गया था। 2.24 लाख टन के लगभग विजाग बन्दरगाह को प्रेषित कर दिया था और 1.81 लाख टन जहाज पर लाद दिया गया था।

बेलादिया निक्षेप नं० 5

6. किरिबुरू से निर्यात वचन को पूरा करने के लिए, जब इसका उत्पादन 1970—71 तक बोकारो इस्पात संयंत्र की ओर उन्मुख होगा, राष्ट्रीय खनिज विकास निगम ने बेलादिला निक्षेप नं० 5 पर आधारित दूसरी खान के विकास के लिए एक परियोजना, जिसकी प्रारम्भिक क्षमता 2 मिलियन टन वार्षिक पिण्ड अयस्क होगी और जो कि दूसरी प्रावस्था में बढ़ाकर 4 मिलियन टन वार्षिक कर देनी है, तैयार की है। पहली प्रवस्था के विकास के लिए पूंजी लागत का अनुमान 3.44 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा सहित 15.24 करोड़ रुपये है। सर्वेक्षण का काम और कुछ प्रारम्भिक कार्य पहले ही हाथ में ले लिए गये हैं। संयंत्र, उपकरण और संग्रह करने वाली अन्य वस्तुओं के लिए आज्ञापत्र भेजने की कार्यवाही भी प्रारम्भ कर दी गई है।

हीरा खनन परियोजना, पन्ना

रामखेरिया और मझगावन योजनाएं

7. सितम्बर 1966 में सरकार ने निश्चित किया कि मितव्ययिता के कारण रामखेरिया और मझगावन योजनाएं अभी स्थगित कर देनी चाहिए और खर्चा कम से कम तक घटा देना चाहिए। यद्यपि विकास कार्यों की गति मन्द कर दी गई थी, प्राप्त उपकरणों और साधनों की सहायता से थोड़ी मात्रा में

उत्पादन जारी रहा और 10 लाख रुपये का, 'अवेक्षा और संधारण' अनुदान 1967—68 के लिए उपबन्धित किया गया था।

रामखेरिया और मझगावन योजनाओं के लघु-अनुमाप पर पुनरुन्नयन के लिए एक पुनरीक्षित प्रस्थापना का, जिसके अनुसार रामखेरिया खान से 11,250 कैरेट वार्षिक और मझगावन खान से 12,000 कैरेट उत्पादन 18 महीनों के काल के अन्दर क्रमशः 68 लाख रुपये और 105 लाख रुपये की अनुमानित लागत पर हो सकेगा, सरकार ने दिसम्बर 1967 में इस अवबोधन पर अनुमोदन किया था कि सरकार 1967-68 में 34 लाख रुपये और 1968-69 में 5 लाख रुपये तक की पूंजी का उपबन्ध करेगी और योजनाओं को पूरा करने के लिए अन्य अतिरिक्त पूंजी की आवश्यकता को आन्तरिक साधनों से हीरों को बेचकर प्राप्ति द्वारा पूरा करना होगा। आपरिवर्तित योजना को लागू करने के लिए कार्यवाही आरम्भ कर दी गई है।

मझगावन नाल के 300 फुट भूमितल के नीचे की गहराई के पूर्वक्षण के लिए 15 लाख रुपये तक की निधि आवण्टित की गई है। नाल क्षेत्र के बाहर और 1280 फुट की दूरी पर अलग कूपक निमग्न किए गए हैं और कूपक नं० एक 296 फुट और कूपक नं० दो 272 फुट तक पहुंच गए हैं।

रामखेरिया खान से 2,326 कैरेट और मझगावन खान से 2,875 कैरेट हीरे, 1 अप्रैल 1967 से 31 दिसम्बर 1967 तक के समय में निकाले गये। 571 कैरेट हीरे पन्ना में नीलाम किए गए जिन से 2.59 लाख रुपये प्राप्त हुए। अविक्रीत हीरों का कुल भण्डार 31 दिसम्बर 1967 को 7,479 कैरेट था। अब तक हीरों की बिक्री से कुल मिला कर 29.27 लाख रुपये प्राप्त हुए हैं।

बैलाडिला लौह अयस्क परियोजना (मैसूर)

8. लगभग 5 मिलियन टन वार्षिक रन-आफ-माइन अयस्क क्षमता वाली एक खान का 1971-72 तक विकास करने का प्रस्ताव है। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण/राष्ट्रीय खनिज विकास निगम द्वारा विस्तृत अन्वेषण काय लगभग समाप्त हो गया है और भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण से अन्तिम रिपोर्ट की प्रतीक्षा है। राष्ट्रीय खनिज विकास निगम एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तयार कर रहा है।

कुद्रेमुख कच्चा लोहा परियोजना (मैसूर)

9. एक शक्यता अध्ययन रिपोर्ट क्षेत्र में लोहा अयस्क निक्षेपों के विकास के लिए तैयार की गई है। वास्तविक विदोहन से पूर्व पाइलट प्लांट जांच करने का विचार है। अयस्कों की विशेष प्रकृति के कारण, विदेशी पार्टियों के साथ सहकारिता प्रबन्ध करने की सम्भावनाओं पर विचार किया जा रहा है।

गुल्लिका बनाने का अध्ययन

बेलारी—हास्पत

10. भारत—जर्मन तकनीकी सहायता कार्यक्रम के अधीन एक विशेषज्ञ ने बेलारी हास्पत क्षेत्र का नवम्बर 1966 में दौरा किया था और एक रिपोर्ट प्रस्तुत की थी जो कि विचाराधीन है। मैसर्ज निशु एण्ड मारूबनी द्वारा पुरस्कृत एक जापानी विशेषज्ञों के दल ने निक्षेपों का मई-जून 1967 में अध्ययन किया था और उनके इकट्ठे किए गए नमूनों की जापान में परीक्षा की जा रही है। उनकी रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जा रही है।

बेलादिला

11. बेलादिला अयस्क से गुल्लिकाएं बनाने का अध्ययन हाथ में लेने के लिए जापान के मैसर्ज मित्सुबिशु शोजी केशा लि० को आयुक्त किया गया था। उनके विशेषज्ञों ने बेलादिला का फरवरी/मार्च 1967 में दौरा किया था। उनके इकट्ठे किए हुए नमूने जापान और अमरीका को परीक्षण के लिए भेज दिए गए हैं जिसके आधार पर विशेषज्ञ अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

गुल्लिका बनाने का 0.5 मिलियन टन वार्षिक क्षमता का एक संयंत्र एक निजि फर्म द्वारा गोआ में स्थापित किया गया है और उसमें उत्पादन आरम्भ हो गया है। 1.5 मिलियन टन वार्षिक गुल्लिका उत्पादन करने के लिए गोआ की एक दूसरी फर्म की परियोजना रिपोर्ट का अनुमोदन हो गया है। एक तीसरी फर्म द्वारा गोआ में इसी प्रकार के गुल्लिका संयंत्र लगाने के लिए परियोजना रिपोर्ट विचाराधीन है। दो फर्मों को, एक गोआ में और दूसरी उड़ीसा में, अभिप्राय पत्र जारी किए गए हैं। मैसूर में भी एक संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रस्ताव आया हुआ है।

हिन्दुस्तान कापर लि०

12. देश में तांबे के निक्षेपों के विकास के लिए संकेन्द्रित ध्यान देने के प्रयोजन से एक अलग कम्पनी हिन्दुस्तान कापर लि० 7-11-1967

को स्थापित की गई जिसका पंजीकृत मुख्य कार्यालय खेतरी में है। कम्पनी की अधिकृत पूंजी 50 करोड़ रुपये हैं। राष्ट्रीय खनिज विकास निगम की ताम्र परिसंपत् हिन्दुस्तान कापर लि० को हस्तान्तरित कर दी गई है जो अब खेतरी कापर काम्पलैक्स और दूसरे आशाजनक ताम्र निक्षेपों का विकास करने के लिए उत्तरदायी होगी। विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति नीचे बताई गई है।

खेतरी कापर काम्पलैक्स (राजस्थान)

13. खेतरी ताम्र परियोजना 21,000 टन वार्षिक विद्युदाशिक ताम्र उत्पन्न करने के लिए तीसरी योजना में सम्मिलित की गई थी। सरकार द्वारा अनुमोदित परियोजना के परिवर्धित क्षेत्र के अनुसार, सितम्बर, 1966 में खेतरी के एकीकृत संयंत्र की उत्पादन क्षमता 31,000 टन वार्षिक विद्युदाशिक ताम्र धातु (21,000 टन खेतरी खान से और 10,000 टन कोलिहान में ताप वाली खान से) हो जायेगी। 600 टन प्रतिदिन गंधक का तेजाब भी उपोत्पाद के तौर पर उत्पादित किया जायेगा और 2,14,500 टन वार्षिक ट्रिपल सुपरफास्फेट का उत्पादन करने के लिए प्रयोग किया जायेगा। परियोजना पर अब 85.93 करोड़ रुपये की लागत आ जाने की आशा है। पक्की लागत के अनुमानों की जांच हो रही है।

फ्रांस की कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने तकनीकी और दूसरे ब्यौरे की चर्चा करने के लिए मार्च से अप्रैल 1967 के बीच में भारत का दौरा किया। 466.84 लाख रुपये के कुछ उपकरणों को प्राप्त करने के लिए आज्ञापत्र फ्रांस को दे दिए गए हैं। फ्रांस कम्पनियों के साथ सामान्य अभियान्त्रिक सेवाओं के लिए एक संविदा 30 जून 1967 को लागू हुई थी।

काम किये जा रहे कूपक के लिए खुदाई, अन्तःस्तरण और उपकरण जुटाने का काम 170 फुट आगे बढ़ा दिया गया है जिसे 400 फुट की गहराई तक पहुंचाया जाना। इसके अतिरिक्त, 300 म० स्टेशन भी काटा जा चुका है और आन्तरिक विकास द्वारा पूरा किया जा चुका है। 590 फुट तक उत्पादन कूपक बनाया जा चुका है और 580 फुट तक बजरी डाली जा चुकी है। वर्ष भर में जो प्रगति हुई है वह गत वर्ष की 186 फुट की तुलना में 252 फुट है। सभी अन्वायुक्तियां भी पूरी की जा चुकी हैं।

सरकार द्वारा 617.62 लाख रुपये की अनुमानित लागत वाला खेतरी खान विकास का कार्यक्रम नवम्बर 1966 में सम्मोदित किया गया था। कुल

मिला कर विकास कार्य, जो विभिन्न तलों में और मेखला अवणकों इत्यादि में वर्ष भर में हुआ, 7,335 फुट था। ऊपरी तल के विकास के लिये ऐसिस्टेंट-डेवे क्रैडिट और डायरेक्टर-जनरल-आफ सप्लाईज-एण्ड-डिस्पोजल्स द्वारा प्राप्त सभी उपकरण काम वाले स्थान पर पहुंच गये हैं। देश में बनी खनन की और लपेटने वाली मशीनों के लिये निविदाओं को अन्तिम रूप दिया जा रहा है।

200 निवास क्वार्टर एवं अतिथि गृह और चार अविधा भवनों का निर्माण पूरा हो चुका है। 120.81 लाख रुपये की अनुमानित लागत से 958 क्वार्टरों और सम्बद्ध सार्वजनिक भवनों के निर्माण के लिए भी सम्मोदन दिया जा चुका है। 269 लाख रुपये की अनुमानित लागत वाली पुनरीक्षित-जलप्रदाय योजना का भी अनुमोदन हो चुका है। सकेन्द्रक और सम्बद्ध भवनों के निर्माण के लिए संविदा देने का प्रस्ताव विचाराधीन है।

भारतीय उर्वरक निगम की सहकारिता से खेतरी में उर्वरक और तेजाब संयंत्र स्थापित किया जा रहा है।

जनवरी 1967 में कोलीहान में खनन कार्य आरम्भ किये गये थे और अभी तक 1,630 फुट के लगभग विकास कार्य किया जा चुका है।

अग्निगुन्दला कापर परियोजना (आन्ध्र प्रदेश)

14. अक्तूबर 1966 में अग्निगुन्दला निक्षेप का विकास तांबे और सीसे के मितव्ययी खनन के लिए, राष्ट्रीय खनिज विकास निगम को सौंपा गया था। इस निक्षेप का, जो कि नीचे लिखे तीन खण्डों से बना है, शक्यता अध्ययन तैयार किया जा रहा है :

1. बंडल्लामोटाआ खण्ड—अधिकतर सीसा निक्षेप
2. नल्लाकोन्डा खण्ड—अधिकतर ताम्र निक्षेप
3. धुकोन्डा खण्ड—ताम्र और सीसा निक्षेप

एक आधार शिविर बंडल्लामाटोआ खण्ड के समीप स्थापित किया गया है। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की अन्तरिम रिपोर्ट के अनुसरण में अयस्क की प्रकृति और आचरण का पता लगाने के लिए सर्वेक्षण और मान चित्रण का कार्य प्रगति कर रहा है। राष्ट्रीय खनिज विकास निगम द्वारा एक भौमिकी पुनर्निर्धारण किया गया है। चूंकि इस खण्ड में अयस्क का प्रतिरूप जटिल होने की आशा है, अयस्क पिण्डों को अन्कित करने के लिए और आगे व्यधन और समन्वेषण खनन कार्यवाही हो रही है।

राष्ट्रीय भूभौतिकी अनुसन्धान स्टेशन, हैदराबाद, 3 लाख गैलन पानी प्रतिदिन की प्रत्याशित मांग को पूरा करने के लिए पानी के प्रसाधनों का सर्वेक्षण कर रहा है।

दरीबो कापर परियोजना (राजस्थान)

15. हिन्दुस्तान कापर लि० द्वारा उपस्थापित 1,400 टन तांबे के उत्पादन के लिए दरीबो ताम्र निक्षेपों के विकास के लिए परियोजना रिपोर्ट की जांच की जा रही है। राष्ट्रीय खनिज विकास निगम द्वारा भारतीय खान ब्यूरो के सर्वेक्षण और मानचित्रण कार्य के पुनर्मूल्यन ने 2,78,906 टन 2.485 प्रतिशत वाले और 1,31,733 टन 2.45 प्रतिशत वाले ताम्र अयस्कों के आरक्षण सिद्ध कर दिये हैं। एक योजना और आगे भूमिगत अन्वेषण के लिये रिपोर्ट में सम्मिलित कर ली गई है।

राखा ताम्र परियोजना (बिहार)

16. निक्षेप का अभीक्षण और मानचित्रण आरम्भ किया गया था। पैट्रोलाजिकल अध्ययन के लिए नमूने एकत्रित किए गए थे और लगभग 300 टन अयस्क परीक्षण के लिए राष्ट्रीय धातुकार्मिक प्रयोगशाला (नेशनल मैटालाजिकल लैबारेटरी) को भेजा गया था।

क्षेत्र में सर्वेक्षण का काम प्रगति पर है और एक योजना नगर के लिए योजना बनाई गई है।

कूपक के खनन के काम के सम्बन्ध में, कूपक नं० 5 और 6 का तथा मुख्य कूपक का उपादेयकरण प्रगति पर है।

कूपक नं० 5 पर एक अस्थायी कार्यालय बना दिया गया है। एक कर्मशाला का निर्माण भी कर दिया गया है। शिविर को और कूपकों को जाने वाली सड़कों का उपबन्ध कर दिया है। आन्तरिक जल प्रदाय के कार्य के लिए प्राप्त निविदाओं की जांच की जा रही है।

मैंगनीज ओर्स (इण्डिया) लि०

17. कम्पनी ने 1967-68 में सन्तोषजनक प्रगति करना जारी रखा। उत्पादित मैंगनीज अयस्क की स्थानीय और विदेशी दोनों मांगों में संगत वृद्धि होती जा रही है। इसके फल स्वरूप खानों पर अयस्क भंडार इकट्ठे हो रहे हैं। इसलिए कम्पनी को निम्न प्रकार के मैंगनीज अयस्क के उत्पादन में

कमी करने का विचार करना पड़ा । थोड़े उत्पादन के कारण, कम्पनी का वर्ष का लाभ गत वर्ष की तुलना में घट जाने की आशा है। 1965-66 और 1966-67 की स्थिति 1967-68 के अनुमान की तुलना में, नीचे दी है :

(आंकड़े टनों में)

	1965-66	1966-67	1967-68
उत्पादन	3,70,696	3,86,358	3,70,000
विक्रय (स्थानीय)	1,40,053	1,47,656	1,40,000†
निर्यात	1,98,480	1,53,035	1,40,000

कम्पनी ने 1966–67 में 45,76,932.28 रुपये का शुद्ध लाभांश अर्जित किया था जिस में से 4,49,380.71 रुपये की रकम विकास अवहार आरक्षण (डिवेलपमेंट रिबेट रिजर्व) को और 24 लाख रुपये की रकम सामान्य आरक्षण को स्थानान्तरित कर दी गई है। इस वर्ष का लाभांश साढ़े सात प्रतिशत दर से संचयी पूर्वाधिकार अंश (कुमुलेटिव प्रेफरेन्स शेयरज) और प्रतिशत साम्यांश पर दिया गया । केन्द्रीय सरकार का भाग 2,86,911.[illegible] रुपये था ।

हिन्दुस्तान जिंक लि०

18. गैर सेरकारी क्षेत्र की एक फर्म, मैटल कारपोरेशन आफ इंडिया लि० कलकत्ता, ने राजस्थान के जवार क्षेत्र में जस्ता-सीसा खान के लिए पट्टा [illegible] था । खानों के विकास का काम तथा उदयपुर के पास जस्ता पिघलाने की भट्टी का निर्माण करने का काम भी उनके पास था । अपनी आर्थिक कठिनाइयों के कारण फर्म परियोजना को क्रियान्वित करने की दिशा में संतोषजनक प्रगति न कर सकी और परियोजना का काम लगभग ठप्प हो गया था । [illegible] अवस्था में, और जस्ता और सीसा धातुओं की सुरक्षा प्रयत्नों और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के लिए युद्धावश्यक महत्व को देखते हुए, केन्द्रीय सरकार ने फर्म को जिस में जवार खानें, उदयपुर के पास निर्माणाधीन जस्ता पिघलाने की भट्टी [illegible]

†इसमें लगभग 40,000 टन निम्न कोटि का अयस्क सम्मिलित है और इस वर्ष में भिलाई इस्पात संयंत्र को प्रदाय किया जा रहा है। इसके [illegible] 1966–67 में केवल 4,000 टन प्रदाय किया गया था।

[illegible] के पास सीसा पिघलाने की भट्टी, सम्मिलित है, एक विशेष विधायी अधिनियम बना कर 22–10–65 से अवाप्त कर लिया था । प्रयोजन था जवार खानों के सम्भाव्यों का पूर्ण विकास करना और जस्ता पिघलाने की भट्टी का अपूर्ण काम पूरा करना । उपक्रम को प्राप्त करने और उसका प्रबन्ध करने के लिए, हिन्दुस्तान जिंक लि० नाम की एक सरकारी फर्म की स्थापना 10-1-66 को हुई। फर्म की अधिकृत पूंजी 10 करोड़ रु० है। सरकार द्वारा फर्म में 31-3-68 तक 604.50 लाख रु० साम्यांश पूंजी में और 505.25 लाख रु० ऋणों में लगाये गये हैं।

फर्म का प्रबन्ध सम्भालने के पश्चात् जवार खानों से अयस्क उत्पादन के विकास के लिए और जस्ता पिघलाने के कारखाने के निर्माण को पूरा करने के लिए प्रभावशाली कार्यवाही की गई है। उन योजनाओं की, जो प्रारम्भ की गई है और तीन इकाइयों की जिनके नाम हैं जवार खानें, जस्ता पिघलाने का कारखाना और सीसा पिघलाने का कारखाना, जिनका प्रबन्ध अब हिन्दुस्तान जिंक लि० के हाथ में हैं, प्रगति और भविष्य में विकास के कार्यक्रम इत्यादि, निम्नलिखित हैं:

(1) **जवार खानें**

भारत की एक मात्र यही जस्ते और सीसे की खनन योग्य खान है और यह राजस्थान में उदयपुर के समीप है। विकास कार्य करने के उपरान्त अयस्क का वर्तमान उत्पादन गत वर्ष की 500 टन की तुलना में 750 टन प्रतिदिन तक बढ़ गया है। अयस्क उत्पादन की क्षमता 1000 टन प्रति दिन तक करने के लिए खानों के विकास की कार्यवाही पहले ही की जा चुकी है। 2,000 टन अयस्क प्रतिदिन का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए, जो कि प्रद्रावक की 18,000 टन प्रतिवर्ष की क्षमता पूरी करने के लिए आवश्यक है, समन्वेषी ड्रिलिंग और अयस्क पिण्ड के चित्रण का काम प्रगति कर रहा है। समीक्षा किये जा रहे वर्ष में 936.50 मीटर भूतल और 485.71 मीटर भूमिगत ड्रिलिंग कार्य किया गया था। इसके अतिरिक्त, ठेकेदारों द्वारा मुख्य कूपक खोदने के काम में सन्तोषजनक प्रगति हुई और मुख्य कूपक की खुदाई तथा उपापित करने का कार्य 310 मीटर तक पहुंच गया था। कूपक उपस्कर की संविरचना प्रगति पर है। सहायक कूपक पर यांत्रिक और वैद्युत कार्य प्राप्त करने के पश्चात परीक्षण कार्य आरम्भ हो गए हैं। अतिरिक्त सम्पादित अयस्क के अभिशोधन का पूर्वोपाय करने के लिए 500 टन प्रतिदिन

की क्षमता वाली एक नई कन्दुक प्रेषणी पूरी की गई और 2-12-67 को चालू कर दी गई थी। हिन्दुस्तान जिंक लि० ने राजस्थान सरकार को दरीबा-रावजी क्षेत्र में, जहां भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण सीसा और जस्ता होने का अनुमान कर रहा है, समन्वेषण और खनन पट्टे के लिए आवेदन कर रखा है।

जवार क्षेत्र प्रतिवर्ष 40,000 से 50,000 टन जस्ता धातु उत्पादन का पोषण करने के लिए समर्थ माना जाता है। लगभग 1971 तक 2800 टन अयस्क प्रतिदिन का उत्पादन करने के कार्यक्रम के अन्तर्गत अतिरिक्त आरक्षण को सिद्ध करने के लिए एक योजना को, जवार खानों का विस्तृत अन्वेषण करने के हेतु, अन्तिम रूप दिया जा रहा है। इसी के साथ साथ 2,000 टन क्षमता की एक और बाल मिल स्थापित करने का प्रस्ताव विचाराधीन है। जवार खानों से अयस्क उत्पादन का अवस्था-भाजित कार्यक्रम निम्न प्रकार से किया जाने की आशा है :

अयस्क उत्पादन प्रति दिन टनों में

	12/67	7/68	12/68	7/69	12/69	12/70	12/71
मोचिया खाने	800	950	950	1100	1500	2000	2000
बलेरिया खाने	300	300	300	300	400	500	500
जावर माला	—	—	50	100	200	300	300

(2) जस्ता प्रद्रावक

जस्ता प्रद्रावक, जोकि पिछले प्रबन्धक, फ्रांस की फर्मों मैसर्ज केल्ब एवं मैसर्ज पनारोयां की तकनीकी परामर्श सेवाओं की सहायता से लगा रहे थे, पूरा नहीं किया जा सका क्योंकि फर्मों ने अपनी सेवाएं बन्द कर दी थीं। इसे सम्भालने के बाद हिन्दुस्तान जिंक लि० को इन फर्मों के साथ नये सिरे से समझौते करने पड़े। इन फर्मों से तकनीकी परामर्श सेवाएं प्राप्त किये जाने पर प्रद्रावक के विभिन्न विभागों—जैसे सुपरफास्फेट, रोस्टर, तेजाब विभाग, लीचिंग, तथा शोधन विभाग और जस्ता विद्युदांशिक विभाग का निर्माण पूरा हो गया और वे चालू हो गये। फ्रांसीसी सहयोगियों के साथ हुए समझौते के अनुसार, उत्पादन शुरू करने के पहले वर्ष में ही प्लांट को 60% क्षमता प्राप्त करनी थी। गारंटी है। परीक्षात्मक चालन के दौरान प्लांट की क्षमता प्राप्त हो गई है। आशा है और वास्तव में यह क्षमता निर्धारित क्षमता से अधिक हो गई है।

कि सामान्य वाणिज्य चालन के दौरान प्लांट न केवल अपनी निर्धारित क्षमता को बनाये रखेगा बल्कि हो सकता है कि उससे भी अधिक हो जाय। इसके अतिरिक्त गारंटी दी हुई श्रेणी (99.85%) के स्थान पर उत्पादित किये गये जस्ते की श्रेणी 99.9% है।

जवार खानों का विस्तार करने के कार्यक्रम के दौरान अयस्क के उत्पादन में और अधिक वृद्धि होने पर प्रद्रावक की क्षमता को पांचवीं पंच वर्षीय योजना में बढ़ाने का प्रस्ताव है।

(3) तुंडु सीसा प्रद्रावक

यह प्रद्रावक बिहार में धनबाद के समीप तुंडु में स्थित है। यहां पर जवार खानों से प्राप्त सीसा संकेन्द्रकों को पिघला कर 99.9 शुद्धता वाला पिग सीसा पैदा किया जाता है। चान्दी की थोड़ी सी मात्रा भी उप-पदार्थ के रूप में प्राप्त की जाती है। इस समय सीसा प्रद्रावक की उत्पादन क्षमता 5,400 टन सीसा धातु प्रति वर्ष है। परन्तु इस समय निकाले जा रहे अयस्क में सीसे की मात्रा कम होने के कारण सीसा धातु का उत्पादन अब लगभग 2,600 टन प्रति वर्ष है। क्योंकि इस प्रद्रावक को इसकी निर्धारित क्षमता के अनुसार चलाने के लिए पर्याप्त सीसा संकेन्द्रक नहीं हैं, आवश्यकता पड़ने पर सीसा संकेन्द्रकों को विदेशों से मंगवा कर सीसा धातु के उत्पादन को बढ़ाने के प्रयत्न किये जा रहे हैं।

19. उत्पादन के आंकड़े नीचे दिए हुए हैं :—

1—खनिज उत्पादन

(एकक : टन)

क्र० सं०	खनिज	1965	1966	1967
1.	अयस्क उत्पादन	—	1,57,487	1,65,650
2.	सीसा संकेन्द्रक	5,496	5,151*	3,995
3.	जस्ता संकेन्द्रक	9641	8,900**	10,029

*संकेन्द्रकों के उत्पादन में थोड़ी सी कमी होने का कारण है खान के अयस्क में सीसे की मात्रा को उन्नत करना तथा वर्ष के कुछ भाग में अतिरिक्त पारियों को चालू न रखना।

**इसका कारण है अयस्क में धातु की मात्रा का धीरे धीरे कम हो जाना।

2— धातु उत्पादन

क्रम सं०	उद्योग का नाम	एकक	1960-61		1965-66		1966-67		1967-68	
			क्षमता	उत्पादन	क्षमता	उत्पादन	क्षमता	उत्पादन	क्षमता	उत्पादन*
1.	सीसा	टन	—	—	5,400	2,532	5,400	2,514	5,400	1,866
2.	चान्दी	किलोग्राम	—	—	—	2,806	—	1,425	—	2,235
3.	जिंक कैथोड की चादरें	टन	—	—	—	—	—	—	—	90.00
4.	सलफ्यूरिक एसिड	टन	—	—	—	—	—	—	—	—1,135.67
5.	सुपर फास्फेट	टन	—	—	—	—	—	—	—	2,600

*दिसम्बर, 1967 तक

विशाखापत्तनम का जस्ता प्रद्रावक

20. आयातित जस्ता संकेन्द्रकों पर आधारित पौलिश तकनीकी तथा वित्तीय सहायता से चौथी पंच वर्षीय योजना में एक जस्ता प्रद्रावक स्थापित करने का 1964 में निर्णय लिया गया। पौलिश संस्था, सैंट्रोजैप ने परियोजना रिपोर्ट बनाने का काम हाथ में लिया। जब परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही थी, तो सितम्बर 1966 में संसाधनों की कठिनाई के कारण इस योजना का कार्य बन्द कर देना पड़ा। जस्ता धातु की देशीय प्राप्ति और देश की आवश्यकताओं में भारी अन्तर होने के कारण और इस बात को ध्यान में रखते हुए कि अयस्क प्राप्त धातु का सीधा आयात करने की तुलना में आयातित संकेन्द्रकों से जस्ता धातु का उत्पादन करने से विदेशी मुद्रा की बचत होगी, इस योजना को पुनः चालू करने के प्रश्न पर फिर से विचार किया गया है और सैंट्रोजैप को परियोजना रिपोर्ट का काम पूरा करने के लिये कहा जा रहा है।

सिक्किम खनन निगम

21. सिक्किम खनन निगम, जो कि भारत सरकार और सिक्किम सरकार का संयुक्त प्रयास है, सिक्किम की खनिज सम्पदा का विदोहन और विकास करने के लिए 1960 में स्थापित किया गया था। इस समय निगम रंगपो की तांबा-सीसा-जस्ता खान से 100 टन अयस्क प्रति दिन उत्पादन करने के लिए तथा इस अयस्क को आगे विधियों द्वारा तांबा, सीसा और जस्ता के संकेन्द्रितों में बदलने के लिये इसका विकास कर रहा है। खनन कार्य मुख्यरूप से 3 क्षेत्रों नं० 7 एडिट नं० 2 और एक नये एडिट नं० 1 तक सीमित रहे। एडिट नं० 7 से अयस्क का सतत उत्पादन जारी रहा। एडिट नं० 2 में, स्टोप विकास तथा 4 क्रासकट और तीन उठानें पूर्ण की गई। एडिट नं० 2 में विकास कार्य प्रगति कर रहे हैं। वर्ष के दौरान अयस्क का उत्पादन लगभग 8165 टन था। संकेन्द्रकों का उत्पादन निम्न प्रकार था :—

	अवधि (अप्रैल-दिसम्बर 1967) (टन)
1. सीसा संकेन्द्रक	94
2. जस्ता संकेन्द्रक	173.9
3. तांबा संकेन्द्रक	202.2

"निजी क्षेत्र"

इण्डियन कापर कारपोरेशन

22. निजी क्षेत्र में इण्डियन कापर कारपोरेशन ही एक मात्र ऐसी कम्पनी है जो देश में तांबा उत्पादन कर रही है। 1966 और 1967 के दौरान तांबे का उत्पादन क्रमशः 9,362 तथा 8,904 टन तक पहुंच गया था। निगम विदेशी मुद्रा की आवश्यकता के पूरा करने के लिये ऋण सम्बन्धी बातचीत कर रहा है ताकि वर्तमान प्रद्रावक के बदले में नया प्रस्फुरण प्रद्रावक स्थापित कर सके। वित्त व्यवस्था के प्रबन्धों को सिद्धान्त रूप से अनुमोदन प्राप्त हो चुका है। इस नये एकक की क्षमता 16,560 टन धातु वार्षिक होगी और इसका 1969 तक स्थापित हो जाने का अनुमान है।

राक फास्फेट

23. हिमालय की तलहटी में मंसूरी में और राजस्थान में जैसलमेर तथा उदयपुर में फासफेट के काफी बड़े निक्षेप—जोकि रसायनिक उर्वरक का एक महत्वपूर्ण अंग है— प्राप्त हुए हैं। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण इन निक्षेपों की मात्रा निर्धारित करने के लिये एक अन्वेषण कार्य कर रहा है। उत्तर प्रदेश के मंसूरी क्षेत्र में, प्रत्येक 100 मीटर की गहराई में 8–10 मिलियन टन के 15-20 % फास्फोरिक आक्साइड वाले संभावित आरक्षण होने का अनुमान है। राजस्थान के जैसलमेर क्षेत्र में, बिरमानिया खण्ड में, 14०/० से अधिक फास्फोरिक आक्साइड वाले आरक्षण 3.5 मिलियन टन के लगभग है और कोहरा खण्ड में 17 ०/० फास्फोरिक आक्साइड वाले 1.2 मिलियन टन हैं। उदयपुर क्षेत्र में संस्तर की चौड़ाई 20 एम० तक है और दिशा में विस्तार 1.5 किलोमीटर तक है। पी $_2$ ओ $_5$ की मात्रा 25 ०/० तक है। उदयपुर क्षेत्र के कानपुर के आस पास व्यधन कार्य प्रगति कर रहे हैं। व्यधन छिद्रों से लिये गये नमूनों के अनुसन्धान का परिणाम 10 से 28 % पी$_2$ ओ$_5$ था। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने इस क्षेत्र में 1.5 मिलियन टन राक फास्फेट प्रमाणित किया है। यह 25 से 30 ०/० तक का है और कुछ अवस्थाओं में 35 ०/० भी है। यह अनुमान है कि इस अयस्क को अभिशोधन की आवश्यकता नहीं होगी और उर्वरक उत्पादन करने के लिये इन्हें सीधा प्रयोग में लाया जा सकता है।

राक फास्फेट खनन के लिये विशेष तकनीकों की आवश्यकता है। इण्डो-फ्रेंच टैक्नीकल कोआपरेशन प्रोग्राम के अन्तर्गत भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के तीन

अधिकारियों को प्रशिक्षण के लिये विदेश भेजा गया है। इण्डो-फ्रेंच टैक्नीकल कोआपरेशन समझौते के अन्तर्गत एक फ्रांसीसी विशेषज्ञ की सेवायें प्राप्त की गई थीं। उसने अध्ययन के लिये और निक्षेपों के मूल्यांकन के लिये मार्च-अप्रैल 1967 में भारत का तीन सप्ताह का दौरा किया था।

5. डाक्टर शैलडन, जिसको इन दो निक्षेपों के महत्वशाली सम्भाव्यों को प्रकाश में लाने का श्रेय है की सेवाओं के अतिरिक्त, 5 अमरीकी विशेषज्ञों (3 यू० एस० जी० एस० विशेषज्ञ 20 मास की अवधि के लिये, एक निस्सारक धातुकर्म-विज्ञ 20 मास की अवधि के लिये तथा एक रसायनज्ञ 2-1/2 मास की अवधि के लिये) की सेवायें भी यू० एस० ए० आई० डी० सहायता कार्यक्रम (परामर्श दाता सेवाएं ऋण) के आधीन प्राप्त की गई हैं। भारत सरकार और यू० एस० ए० आई० डी० के बीच 5 जनवरी, 1968 को एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं।

देश में राक फास्फेट निक्षेपों के पूर्वेक्षण को ऊंची प्राथमिकता दी गई है। भारत में बड़ी मात्रा में फास्फेट के खनन से उर्वरक उत्पादन की प्रत्याशा बढ़ेगी और उर्वरक के लिये कच्चा माल आयात करने में खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा बचेगी।

अध्याय 4

खान तथा खनिज (विनियमन तथा विकास) अधिनियम 1957 (1957 का 67)

खान तथा खनिज (विनियमन तथा विकास) अधिनियम, 1957 तथा इसके अन्तर्गत बनाये गये नियमों (खानों में श्रम तथा सुरक्षा के नियमों को छोड़कर) का प्रशासन केन्द्रीय सरकार का इस्पात, खान तथा धातु मंत्रालय (खान तथा धातु विभाग) करता है। यद्यपि खनिज रियायतों की स्वीकृति का अधिकार सम्बन्धित राज्य सरकार को है, तथापि कुछ महत्वशाली और युद्धावश्यक खनिजों के विषय में जो अधिनियम की अनुसूची 1 में दिये गये हैं, केन्द्रीय सरकार से पहले अनुमोदन लेना आवश्यक है।

वर्ष के दौरान, राज्य सरकारों से खनिज रियायतों के 309 प्रस्ताव केन्द्रीय सरकार को पूर्व छानबीन तथा संमोदन के लिये भेजे गये।

2. खनन पट्टों का संशोधन

